Tni आवाज़

# राजस्थान की राजनीति

E-mail: tniawaz.news@gmail.com | आपकी आवाज के साथ.... | RAJHIN/2012/43137

HP NEWS हिन्दुस्तान की आवाज
हिन्दुस्तान पत्रिका
HINDUSTAN KI AWAZ

जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, टोंक, अजमेर, भरतपुर, धौलपुर, बीकानेर, कोटा, सवाईमाधोपुर से प्रसारित

www.hpnews.in/www.tniawaaz.in | जयपुर, सोमवार 21 अप्रैल, 2025 | वर्षः 2 | अंकः 171 | पृष्ठः 8 | मूल्यः 2.00 रू.


## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने फतेहपुर में चित्रकूट बालाजी मंदिर व श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर में किए दर्शन

जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शेखावाटी क्षेत्र की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दूसरे दिन रविवार सुबह सीकर जिले के फतेहपुर में चित्रकूट बालाजी मंदिर तथा श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर में दर्शन कर प्रदेश की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। शर्मा ने सर्वप्रथम चित्रकूट बालाजी मंदिर परिसर में कामधेनु-शिव मंदिर तथा बालाजी मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने संत शिरोमणि श्री बुद्ध गिरी जी महाराज की मढ़ी हुंचकर वहां स्थित हिंगलाज माता और शिव मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने संत शिरोमणि श्री बुद्ध गिरी जी महाराज सहित अन्य संतों की समाधि पर नमन किया। वहां से श्री शर्मा ने फतेहपुर के प्राचीन श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने विधिवत् पूजा अर्चना कर विकसित और अग्रणी राजस्थान के लिए भगवान लक्ष्मीनाथ जी से प्रार्थना की। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री झाबर सिंह खर्रा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## टाउन हॉल और पुराना पुलिस मुख्यालय को सरकारी संपत्ति माना

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने जयपुर के पुराने विधानसभा भवन (टाउन हॉल), पुराना पुलिस मुख्यालय, पुराना होमगार्ड महानिदेशालय की करीब ढाई हजार करोड़ रुपए की संपत्ति को सरकारी संपत्ति माना है। कोर्ट ने कहा- इस मामले पर कोई सिविल न्यायालय सुनवाई ही नहीं कर सकता है। जस्टिस अशोक कुमार जैन की अदालत ने राज्य सरकार की चार रिवीजन याचिकाओं को मंजूर करते हुए यह आदेश दिया। कोर्ट ने कहा- ये संपत्तियां वर्ष 1949 में जयपुर रियासत और भारत सरकार के बीच हुए समझौते का हिस्सा है, जिनका उपयोग सरकारी प्रयोजन के लिए किया जाना था और इस संदर्भ में कोई भी सिविल वाद संविधान के अनुच्छेद 363 के तहत कोर्ट की समीक्षा से बाहर है। यह सभी संपत्तियां वर्तमान में सरकार के कब्जे में हैं। अतिरिक्त महाधिवक्ता भरत व्यास ने कोर्ट से कहा- सरकार को यह संपत्ति कोवेनेंट से मिली है, न की लाइसेंस के जरिए। संविधान के अनुसार इन संपत्तियों के स्वामित्व को कोर्ट में चुनौती नहीं दी जा सकती है। कोवेनेंट में टाउन हॉल प्रशासनिक कार्य के लिए सरकार को दिया, न कि सिर्फ विधानसभा के लिए। कोवेनेंट के समय यहां विधानसभा अस्तित्व में नहीं थी।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यमुना जल समझौते के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा बैठक ली

# राज्य सरकार शेखावाटी क्षेत्र को यमुना जल उपलब्ध कराने के लिए गंभीरः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## बेहतर कार्य योजना और आपसी समन्वय के साथ शीघ्र तैयार की जाए परियोजना की डीपीआर

### मुख्यमंत्री का अधिकारियों को निर्देश, मिशन मोड़ पर करें काम, परियोजना की अनुमानित लागत 19 हजार करोड़ रुपये

जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यमुना जल समझौता राजस्थान के शेखावाटी अंचल में पर्याप्त जल उपलब्धता की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। इसके धरातल पर उतरने के बाद इस क्षेत्र को पेयजल एवं सिंचाई हेतु पर्याप्त जल उपलब्ध होगा और जल की समस्या का स्थाई समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि इसके प्रथम चरण में राज्य के सीकर, चूरू, झुंझुनूं और अन्य क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति एवं अन्य आवश्यकता हेतु जल उपलब्ध हो सकेगा। इसके द्वितीय चरण में चूरू एवं झुंझुनूं जिले में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

शर्मा रविवार को पिलानी स्थित केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान में यमुना जल समझौते की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यमुना जल समझौते के तहत ताजे वाला हेड (हथिनीकुण्ड बैराज) से यमुनाजल लाने हेतु प्रवाह प्रणाली कार्य योजना की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार गम्भीर है एवं इसी क्रम में जल संसाधन विभाग द्वारा अलग से अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, यमुना जल का नवीन पद सृजित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना के क्रियान्वयन हेतु संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समझौते को मूर्त रूप देने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट मिशन मोड पर कार्य करते हुए शीघ्र तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि परियोजना के कार्यों में विश्व स्तरीय मापदंड अपनाए जाएं। इस हेतु उच्चस्थ तकनीकी संस्थाओं जैसे बिट्स पिलानी, आईआईटी का सहयोग भी लिया जाए।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 1994 में राजस्थान, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश एवं नई दिल्ली के बीच हुए यमुना जल समझौते के अन्तर्गत ताजेवाला हैड (हथिनीकुण्ड बैराज) पर मानसून अवधि (जुलाई से अक्टूबर) में 1917 क्यूसेक (वार्षिक 577 एम.सी.एम.) जल राजस्थान को आवंटित किया गया था। लेकिन आवंटित जल को राजस्थान लाने के लिए 30 वर्षों से गतिरोध बना हुआ था। सीकर, झुंझुनुं एवं चुरू जिलों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने की दिशा में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के अथक प्रयासों, केन्द्र सरकार के सकारात्मक सहयोग व केन्द्रीय जल आयोग के हस्तक्षेप के फलस्वरूप यह गतिरोध दूर हुआ एवं 17 फरवरी, 2024 को राजस्थान व हरियाणा के मुख्यमन्त्रियों एवं केन्द्रीय जलशक्ति मन्त्री की उपस्थिति में समझौता हुआ।



### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झुंझुनूं में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को शेखावाटी क्षेत्र के दौरे के दूसरे दिन झुंझुनूं के सर्किट हाऊस में जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याओं को सुना और मौके पर ही अधिकारियों को इन समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। शर्मा ने जनसुनवाई में कहा कि आम जन की समस्याओं का कम से कम समय में निस्तारण राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है, समस्याओं के समयबद्ध समाधान के लिए प्रभावी मैकेनिज्म तैयार किया गया है जिससे आमजन को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, विद्युत, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सार्वजनिक निर्माण, राजस्व विभाग एवं कृषि सहित अन्य विभागों से संबंधित परिवेदनाओं के शीघ्र निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, विधायक राजेन्द्र भांबू, विक्रम सिंह जाखल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं आमजन मौजूद रहे।

### बैठक में उपस्थित



बैठक में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा सहित अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, हरियाणा से मुख्य अभियंता यमुना, हथिनी कुंड बैराज के अधीक्षण अभियंता, हिसार के अधीक्षण अभियंता सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### 253 किलोमीटर लंबी 3 पाइपलाइन का विकल्प सर्वश्रेष्ठ

शर्मा ने कहा कि बेहतर कार्य योजना एवं आपसी सहयोग और समन्वय के साथ डीपीआर बनाने के कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि हरियाणा व राजस्थान की टास्क फोर्स की प्रथम संयुक्त बैठक गत 07 अप्रेल को यमुनानगर (हरियाणा) में आयोजित हुई जिसमें अलाईनमेंट के क्रम में वास्तविक धरातलीय परीक्षण किये जाने पर प्राथमिक चर्चा हुई तथा हथिनी कुंड बैराज से यमुना जल लाने के लिए प्रवाह प्रणाली के 4 उपलब्ध विकल्पों की समीक्षा की गई। इनमें से केंद्र जल आयोग द्वारा सुझाया गया 253 किलोमीटर लंबी 3 पाईपलाईन का विकल्प सर्वश्रेष्ठ माना गया। इसका धरातलीय परीक्षण हरियाणा के अधिकारियों के सहयोग से किया जाएगा। इस परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 19 हजार करोड़ रुपये होगी।

## बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष बोले-डोटासरा घर संभाले, ताक-झांक करना अच्छी आदत नहीं

### नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया, राहुल और वाड्रा जेल जाएंगे; वक्फ की संपत्ति हमें नहीं चाहिए

**पाली।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा- डोटासरा पहले अपनी पार्टी तो संभाल लें। मेरी पार्टी का मैं सत्यानाश कर रहा हूं, या कुछ और कर रहा हूं, यह मेरी चिंता है। वे इसकी चिंता क्यों कर रहे हैं। राठौड़ ने कहा- डोटासरा अपना घर संभाले, दूसरे के घर में ताक-झांक करना अच्छी आदत नहीं है, यह उन्हें समझा दें। रही बात नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की, तो वे भी अपनी पार्टी और नेताओं की सोचें। भाजपा के बारे में सोचने के लिए हम बैठे हैं। दरअसल, मदन राठौड़ ने रविवार को पाली में अपने आवास पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों से मुलाकात की। इस दौरान मीडिया से



बातचीत में कांग्रेस पर भी गंभीर आरोप लगाए। बता दें कि बीते दिनों डोटासरा ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को लेकर तंज कसा था। उन्होंने कहा था कि वे (मदन राठौड़) किसी को छूटा सांड कहते हैं तो कभी महिला को एक्सपोर्ट क्वालिटी कहते हैं। बाद में माफी मांगने की बजाय सफाई देते है। जबकि उन्हें तुरंत देश की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। ऐसा ही चलता रहा तो वे भाजपा का राजस्थान में सत्यानाश कर देंगे। राठौड़ ने कहा- नेशनल हेराल्ड केस में यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी, सांसद राहुल गांधी और राबर्ट वाड्रा जेल जाएंगे। उन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग की। कांग्रेस शासन के समय सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज हुआ था। वे फिलहाल जमानत पर है और जेल जाएंगे। क्योंकि अखबार के नाम पर करोड़ों की जमीन लाखों में ली और अब उसका दूसरा उपयोग किया जा रहा है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने भ्रष्टाचार किया है। जमीन अखबार के लिए मिली थी, जिसका बेचान नहीं हो सकता और इन्होंने बेचान कर दिया। 38-38 प्रतिशत शेयर राहुल गांधी और सोनिया गांधी के पास है, बाकी शेयर अन्य के पास है। वास्तव में यह संपत्ति सरकारी या समाचार पत्र के लिए होनी चाहिए। राठौड़ ने कहा- उन्होंने 50 लाख में करीब 500 करोड़ की संपत्ति हड़पने का काम किया है।

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति की सुरक्षा में 7-आईपीएस समेत 2400 जवान रहेंगे

जयपुर।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस के जयपुर दौरे को लेकर पुलिस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। वेंस की सुरक्षा में 7 आईपीएस अधिकारी, 20 एडिशनल डीसीपी, 40 एसीपी, 300 एएसआई, एसआई और सीआई लगाए जाएंगे। 2100 कॉन्स्टेबल को फील्ड में तैनात किया जाएगा। जयपुर के तीन हॉस्पिटल (सरकारी-प्राइवेट) को हर ब्लड ग्रुप की 5 यूनिट रिजर्व रखने के निर्देश दिए गए हैं। उपराष्ट्रपति से मिलने वाले या आसपास रहने वाले हर शख्स का कोरोना टेस्ट कराया जाएगा। इससे पहले विदेशी सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी हवा महल, सिटी पैलेस सहित आमेर किला का दौरा कर चुके हैं। वेंस जयपुर में 21 से 24 अप्रैल तक रहेंगे। सुरक्षा एजेंसियों की ओर से चिह्नित हॉस्पिटल में हर प्रकार की बीमारी के स्पेशलिस्ट (कार्डियक,ऑर्थो, एलर्जी, इनफेक्शन, चर्म रोग) डॉक्टर तैनात रहेंगे।

# सरकारी इंजीनियर के जयपुर सहित 19 ठिकानों पर रेड

## 6 जिलों में एसीबी की कार्रवाई, अवैध कमाई से बेटे-बेटी, पत्नी के नाम खरीदी करोड़ों की संपत्ति

जयपुर।

राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के सुपरिटेंडेंट इंजीनियर (स्ध) अशोक जांगिड़ के जयपुर सहित 6 जिलों में स्थित ठिकानों पर छापेमारी चल रही है। रविवार अल सुबह टीमें प्रदेश के अलग-अलग शहरों में पहुंचीं। आय से अधिक संपत्ति के मामले में यह कार्रवाई हुई है। अशोक जांगिड़ की फिलहाल बांसवाड़ा में तैनाती है। एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार- अशोक जांगिड़ के जयपुर शहर, पावटा (कोटपूतली), मौजमाबाद (जयपुर), उदयपुर स्थित खान एवं भू-विज्ञान विभाग के जोन ऑफिस, झाड़ोल (उदयपुर) के कोच्छ्ला, जावद स्थित खनिज लीज, अजमेर, मालपुरा (टोंक) के विभिन्न ठिकानों के साथ-साथ पीएचईडी कार्यालय बांसवाडा, टोंक, अजमेर, जयपुर व उप पंजीयक कार्यालय पावटा, मौजमाबाद में टीमें सर्च में लगी हैं।

इस कार्रवाई में 250 से अधिक अधिकारी व कर्मचारी सर्च अभियान में जुटे हैं।

दयपुर स्थित खान एवं भू-विज्ञान विभाग के जोन ऑफिस में टीम जांगिड़ के परिवार के सदस्यों के नाम पर मिले माइंस के दस्तावेजों को खंगाल रही




है।

### इनकम से 161 प्रतिशत अधिक मिली संपत्ति

एसीबी को गोपनीय सूचना मिली थी कि स्ध ने राजकीय सेवा में आने के बाद 11.50 करोड़ रुपए की आय अर्जित की। यह उनकी मूल आय से 161 प्रतिशत अधिक है। SE अशोक जांगिड़ के घर से सर्च के दौरान कई जमीनों के दस्तावेज मिले हैं। इसमें खुद के नाम 19, पत्नी सुनीता शर्मा के नाम 3, बेटे निखिल जांगिड़ के नाम 32 प्रॉपर्टी शामिल हैं। ये प्रॉपर्टी जयपुर शहर, पावटा (कोटपूतली), श्रीमाधोपुर (सीकर), मौजमाबाद (जयपुर), उदयपुर, अजमेर, मालपुरा (टोंक), श्रीमोहनगढ़ (जैसलमेर) में हैं।

एसीबी को कुल 19 स्थानों पर 54 अचल सम्पत्तियां खरीदने व निर्माण में करोड़ों रुपए लगाने के सबूत मिले हैं। अशोक जांगिड़ ने स्वयं के नाम जयपुर व पावटा में मकान, कैमरिया (पावटा) में फार्म हाउस, पत्नी के नाम जयपुर में बनीपार्क, बिन्दायका में दुकान, बेटे के नाम उदयपुर, मालपुरा (टोंक), अजमेर व बुचारा (पावटा) में 5 खनिज लीज व श्रीमाधोपुर में कॉमर्शियल जमीन, खनिज व ग्राइन्डिंग उद्योग के लिए जमीन खरीदने और निवेश करने में करोड़ों रुपए लगाए हैं। अशोक जांगिड़ के बेटे के नाम उदयपुर, मालपुरा (टोंक), अजमेर व बुचारा पावटा में स्थित खनिज लीजों में क्रेशर, पोकलेन मशीन, एलएण्डटी मशीन, आईआर ब्लास्टिंग मशीन, डम्पर खरीदने और खनन कार्य संचालन में करोड़ों रुपए खर्च करने के सबूत मिले हैं। आरोपी और उनके परिवार के नाम से 22 बैंक खाते हैं। इनमें 21 लाख रुपए मिले हैं। बेटे और बेटी की स्कूली शिक्षा, कोचिंग एवं उच्च शिक्षा में करीब 30 लाख रुपए खर्च किए गए हैं।

(1) गुलमोहर लेन-द्वितीय, हनुमान नगर, वैशालीनगर, जयपुर में स्थित मकान

(2) आदर्श प्लाजा बनीपार्क जयपुर में स्थित दुकान

(3) बिन्दायका रीको औद्योगिक क्षेत्र जयपुर में स्थित दुकान

(4) संदिग्ध अधिकारी के नाम बस स्टैण्ड के पास पावटा जिला कोटपूतली बहरोड़ स्थित निवास स्थान (5) ग्राम बुचारा, तहसील पावटा जिला कोटपूतली में अशोक जांगिड़ के बेटे निखिल जांगिड़ के नाम खनिज लीज (6) अशोक जांगिड़ के नाम ग्राम कैमरिया तहसील पावटा जिला कोटपूतली स्थित फार्म हाउस

(7) जावद जिला उदयपुर में अशोक जांगिड़ के बेटे निखिल जांगिड़ के द्वारा संचालित खनिज लीज फर्म यूएन मिनरल्स

(8) जावद जिला उदयपुर में स्थित खनिज लीज फर्म यूएन मिनरल्स में पार्टनर का चांसदा उदयपुर स्थित निवास स्थान

(9) कोच्छला झाड़ोल जिला उदयपुर में अशोक जांगिड़ के बेटे निखिल जांगिड़ के नाम खनिज लीज

(10) खनिज लीज श्री बालाबेरी बालाजी ग्रेनाइट माइंस एंड मिनरल्स ग्राम नगर तहसील मालपुरा जिला टोंक (11) लक्ष्मीपुरा सरवाड़ अजमेर में निखिल जांगिड़ (अशोक जांगिड़ का बेटा) के नाम खनिज लीज

# भीलवाड़ा में तीन मंजिला खाद्य तेल गोदाम धधका



भीलवाड़ा।

भीलवाड़ा की कृषि उपज मंडी में तीन मंजिला खाद्य तेल गोदाम में रविवार सुबह अचानक आग लग गई। इससे अफरा-तफरी मच गई। फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियों ने 10 से ज्यादा चक्कर लगाकर आग पर काबू पाया। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। घटना दोपहर 12 बजे सुभाष नगर थाना क्षेत्र में स्थित कृषि उपज मंडी में बालाजी ट्रेडिंग कंपनी के गोदाम में हुई।

स्थानीय पार्षद विजय लड्?ढा ने बताया- रविवार होने के कारण कृषि उपज मंडी और गोदाम बंद था। गोदाम में कोई नहीं था। मंडी में मौजूद लोगों ने आग की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने के प्रयास किए। खाद्य तेल के पीपे जलने से आग तेजी से फैली।

स्थानीय पार्षद विजय लड्ढा ने बताया- गोदाम में ऊपर की मंजिल लोहे के शेड से बनाई गई थी। इसके चलते आग बुझाने में काफी कठिनाई आई। हाइड्रोलिक क्रेन की मदद से लोहे के टीन शेड को तोड़ा गया। साथ ही गोदाम के निचले हिस्से को भी क्रेन की मदद से तोड़कर अंदर तक फायर ब्रिगेड का पानी प्रेशर से पहुंचाया। इसके बाद मशक्कत से आग पर काबू पाया जा सका। इस बीच आग लगातार रह रहकर धधकती रही । आग लगने में कोई जनहानि नहीं हुई है। प्रथम दृष्ट्या शॉर्ट सर्किट आग लगने का कारण माना जा रहा है। आग से लाखों रुपए का माल जलकर खाक हो गया वहीं बिल्डिंग को भी काफी नुकसान हुआ है। फायर फाइटर हिमांशु ने बताया- गनीमत रही कि आग तेल गोदाम में बने स्टोरेज टैंक तक नहीं पहुंची वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

# नदबई के झारकई गांव में भागवत कथा हुई शुरू

### कलश यात्रा में महिलाओं ने लिया भाग भागवताचार्य ने बताया मोक्ष का मार्ग



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** गांव झारकई में रविवार को अध्यात्म और भक्ति से ओतप्रोत वातावरण के बीच श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा क्षेत्र 'जय श्री राधे-राधे', 'हरि बोल' के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चनाके साथ हुआ, जिसमें गांव की महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में सिर पर कलश धारण कर गांव की गलियों से होते हुए भव्य कलश यात्रा निकाली। यात्रा में श्रद्धालु झूमते-गाते हुए नजर आए और भक्ति रस में सराबोर हो गए। यात्रा में भागवताचार्य श्री कृष्ण चरण अनुरागी भी शामिल हुए। कलश यात्रा के समापन के पश्चात कलशों की विधि पूर्वक स्थापना की गई, जिसके बाद श्रीमद् भागवत कथा का प्रथम अध्याय शुरू हुआ। भागवताचार्य कृष्ण चरण अनुरागी ने प्रथम दिन श्रीमद् भागवत कथा की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि, यह केवल एक ग्रंथ नहीं, अपितु जीव को मोक्ष का मार्ग दिखाने वाली दिव्य कथा है। उन्होंने कहा कि यह कथा मनुष्य के जीवन में धर्म, ज्ञान, वैराग्य और भक्ति को जागृत करने वाली है। गांववासियों में कथा को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन में गांव के साथ साथ दूर-दराज़ से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 5 बजे तक आयोजित की जाएगी।

# बीते दिनों रिटायर्ड फौजी के थैले से 49 हजार किए पार

### फौजी बैंक से रुपए निकाल कर दूसरी बैंक में जा रहा था जमा कराने



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** कस्बे में बीते दिनों पहले एक रिटायर्ड फौजी के साथ चोरी की वारदात सामने आई है। घटना उस समय घटी जब रिटायर्ड फौजी बैंक से पैसे निकालकर दूसरी बैंक में जमा कराने जा रहा था। अज्ञात चोर बाइक पर टंगे बैग को चुरा कर फरार हो गया, जिसमें नकद 49 हजार रुपये के साथ कई अहम दस्तावेज मौजूद थे। जानकारी के अनुसार, नदबई थाना क्षेत्र के गांव बैलारा निवासी रिटायर्ड फौजी साहब सिंह पुत्र खचेरा सिंह ने आज पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि वह पंजाब नेशनल बैंक से 49 हजार रुपये की नकदी निकालकर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में जमा कराने के लिए निकले थे। रास्ते में वह स्टेट बैंक के पास स्थित एक दुकान के सामने रुके और अपनी बाइक वहीं खड़ी की। जैसे ही वह कुछ पल के लिए बाइक से उतरे, तभी कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी बाइक से बैग उठाकर मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने बताया कि, उक्त बैग में नकदी के अलावा कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी थे। इनमें उनका रिटायरमेंट से संबंधित पहचान पत्र, आधार कार्ड, तथा पंजाब नेशनल बैंक द्वारा जारी की गई दो पासबुक शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलते ही नदबई पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हीटवेव के चलते जिला अस्पताल का एसडीएम ने किया निरीक्षण

### मरीजों की सुविधाओं का लिया जायजा

### अस्पताल प्रबंधन को दबाईयों का उचित स्टॉक रखने व पानी, पंखे, कूलर की व्यवस्था रखने के दिए निर्देश



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** उपखंड अधिकारी गंगाधर मीणा ने राजकीय जिला चिकित्सालय का हीटबेव के चलते निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों को मिलने वाली सुविधाओं का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी ने पेयजल और छाया की उपलब्धता, दवाइयों का स्टॉक, लैब की स्थिति, मरीजों के लिए कूलर तथा पंखों की सुविधा का गहन अवलोकन किया। उन्होंने देखा कि, गर्मी का प्रकोप बढ़ने के चलते अस्पताल में ठंडक और पेयजल की समुचित व्यवस्था रखना अत्यंत आवश्यक है। उपखंड अधिकारी मीणा ने मौके पर मौजूद चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि, अस्पताल में गर्मी और मौसमी बीमारियों के इलाज के लिए आवश्यक दवाओं का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, आउटडोर विभाग में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के लिए पेयजल और छांया की व्यवस्था प्राथमिकता से की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि, अस्पताल परिसर में बंद पड़े पंखों कूलरों को शीघ्र दुरुस्त किया जाए और सभी स्टाफ निर्धारित ड्रेस कोड में उपस्थित रहें, जिससे अनुशासन और व्यवस्था बनी रहे। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रबंधन को व्यवस्थाओं में सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। जहां तक देखने में आया कि अस्पताल प्रबंधन की ओर से कोई भी खामी नजर नहीं आई वहीं सभी व्यवस्थाऐं दुरुस्त नजर आई।

### नदबई में जोधपुर में स्थान भंडार की दुकान में लगी आग

# आग से मिष्ठान भंडार व्यापारी का हुआ लाखों रुपए का नुकसान

### शॉर्ट सर्किट की वजह से बताया जा रहा है आग लगने का कारण



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** कस्बे में आगजनी की घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात शहर के व्यस्त कुम्हेर तिराहे पर स्थित जोधपुर मिष्ठान भंडार में बिजली के तारों में हुए शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि, देखते ही देखते पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। इस घटना से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देर रात करीब 12ः00 से 12ः30 बजे के बीच कुम्हेर रोड पर स्थित जोधपुर मिष्ठान भंडार से अचानक आग की लपटें और धुआं उठने लगा। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि लपटें दूर से ही दिखाई देने लगीं। आसपास के लोगों ने तुरंत दुकान मालिक जोधपुर निवासी शैतान सिंह को सूचना दी और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। कुछ लोग बाल्टियों में पानी और अन्य साधनों से आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गए, लेकिन आग की लपटें बेकाबू होती चली गई। घटना की सूचना पुलिस को मिलते ही पुलिस ने नदबई नगर पालिका की दमकल गाड़ी को मौके पर लेकर पहुंची। दमकल कर्मी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि, आग इतनी भयावह थी कि दुकान से विकराल लपटें निकल रही थी। दमकल कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए कड़ी मशक्कत के बाद करीब एक घंटे की मेहनत से आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। दुकान मालिक भंवर शैतान सिंह राजपुरोहित ने बताया कि आग के कारण डीप फ्रिज, काउंटर, एलईडी स्क्रीन, सीसीटीवी कैमरा, ओवन, नमकीन, मिठाई और अन्य सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, इस आगजनी से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। इसी तरह बीते 8-10 दिन पहले नगर तिराए पर स्थित एक रेस्टोरेंट में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई थी उसका भी सभी सामान जलकर राख हो गया था। वहीं कुम्हेर रोड स्थित जोधपुर मिष्ठान भंडार के मालिक शैतान सिंह ने बताया कि मिष्ठान भंडार की दुकान उनका मुख्य व्यवसाय था और इस घटना ने उन्हें आर्थिक रूप से गहरा नुकसान हुआ है।

# जलदाय विभाग के कंट्रोल रूम का तहसीलदार दीपा यादव ने किया निरीक्षण

### शिकायत रजिस्टर की जांच कर कुछ लोगों से फोन पर पूछी समस्याओं की स्थिति



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** क्षेत्र में भीषण गर्मी और हीटवेव के लगातार बढ़ते प्रभाव से जनजीवन अस्त-व्यस्त सा हो गया है। तापमान में बढ़ोतरी के साथ ही पानी की मांग भी बढ गई है। लेकिन अभी तक पर्याप्त जल आपूर्ति व्यवस्था नहीं हो पाने से आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में जनसमस्याओं की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार दीपा यादव ने रविवार को जलदाय विभाग के कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने विभाग द्वारा संचालित शिकायत रजिस्टर का अवलोकन किया और उसमें दर्ज की गई शिकायतों के निस्तारण की स्थिति और समय सीमा की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर ही रजिस्टर में दर्ज शिकायतों में कुछ शिकायतकर्ताओं को कॉल कर उनकी समस्याओं के समाधान की स्थिति के बारे में जानकारी ली। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि दो से तीन दिन में उनकी समस्याओं का समाधान कर दिया गया था, उन्होंने अधिकारियों को अन्य समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द निस्तारण करने की सख्त निर्देश दिए। तहसीलदार दीपा यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि, सभी शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए और नियमित निगरानी रखी जाए, ताकि आमजन को गर्मी के मौसम में पानी की परेशानी से राहत मिल सके। निरीक्षण के दौरान अवैध नल कनेक्शनों का मुद्दा भी सामने आया। इस पर तहसीलदार ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया कि अवैध कनेक्शनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

# आईडीएसएमटी स्कीम की बेस कीमती जमीन पर रातों-रात हुये कब्जे को नगर परिषद ने किया ध्वस्त



राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** दौसा नगर परिषद क्षेत्र में इन दिनों अवैध निर्माण की भरमार है। ऐसे में भू माफिया को भी हौसले बुलंद है। जिसके चलते नगर परिषद की बैंस कीमती जो ढ्ढष्ठस्स्ञ्ज स्कीम में करीब 350 स्क्वायर फीट पर भू माफियाओं ने रातों-रात निर्माण कर पक्का कब्जा कर लिया। जिसकी सूचना नगर परिषद को मिलते ही नगर परिषद के अतिक्रमण प्रभारी नरेंद्र सिंह बैंसला नगर परिषद के मय जाप्ते के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर रातो-रात किए निर्माण को ध्वस्त कर दिया और नगर परिषद की बैंस कीमती जमीन को अतिक्रमण कारियो से मुक्त कराया।इस दौरान नगर परिषद की टीम में होमगार्ड दीपक शर्मा, पांच जमादार, 7 सफाई कर्मी, एक जेसीबी व तीन ट्रैक्टर शामिल रहे। नगर परिषद संसाधनों ने समस्त निर्माण सामग्री को ट्रॉली में भरकर जप्त कर लिया।

# ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत नरसीराम मीणा को 2.12 ग्राम स्मैक के साथ किया गिरफ्तार



राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** सैंथल थाना पुलिस ने एसपी सागर राणा के निर्देश पर जिले में चलाए गए अभियान क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध स्मैक की तस्करी करने के मामले में तहसील कार्यालय के पास से स्मैक की तस्वीर करने के मामले में नरसीराम पुत्र रेवतमाल मीणा उम्र 32 साल निवासी जगतसर पुलिस थाना आंधी जिला जयपुर को मय अवैध मादक पदार्थ स्मैक 2.12 ग्राम एवं स्वयं की मोटरसाइकिल व 15250 रु सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी है। अभियान में सैंथल थाना के एएसआई कैलाश प्रसाद, कांस्टेबल कमलेश, नरेश, दिनेश ,जगन प्रसाद चालक ,मुके, रामकरण पुलिस जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आरोपी के खिलाफ 2020 व 2021 में चार्जशीट दाखिल किए जा चुकी है।

# 2100 महिलाये मंगल कलश व 1100 पुरुष ध्वज पताका लेकर भगवान परशुराम शोभायात्रा में होंगे शामिल

### भगवान परशुराम की जीवंत झाकियां , 4 बैंड,2 हाथी, घोड़े , ऊंट सहित बड़ी संख्या में बाइके भी शोभायात्रा में होंगी शामिल



राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर मनाए जाने वाली परशुराम जयंती को लेकर परशुराम धर्मशाला में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में आयोजको ने बताया कि हर वर्ष की भांति की इस वर्ष भी भगवान परशुराम का जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। विशेष तौर से दौसा जिला मुख्यालय पर भगवान परशुराम की शोभायात्रा का आयोजन 29 अप्रैल को सोमनाथ मंदिर से शुरू होकर गांधी तिराया होती हुई चाणक्य छात्रावास में इस विशाल शोभा यात्रा का समापन होगा। विशाल शोभायात्रा में 2100 महिलाएं मंगल कलश लेकर चलेंगी। 1100 पुरुष ध्वज पताका लेकर शोभायात्रा में शामिल होंगे। शोभायात्रा में शाही लवाजमा के साथ निकाली जायेगी। जिसमें भगवान परशुराम की जीवंत झांकियां , 4 बैंड,2 हाथी, घोड़े , ऊंट सहित बड़ी संख्या में बाइके भी शोभायात्रा में शामिल होंगी। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। शोभायात्रा चाणक्य छात्रावास में पहुंचने के बाद समाज बंधुओ द्वारा सामूहिक महा आरती का आयोजन होगा। आरती के बाद समाज एक जाजम पर बैठकर समाज हित में कई निर्णय लिये जायेगे।इस अवसर पर आगंतुक समाज बंधुओ को भोजन प्रसादी भी कराई जाएगी। इसी को लेकर आज दौसा की परशुराम धर्मशाला में आयोजित प्रेस वार्ता में आयोजन अरुण फॉरेस्टर, शिवचरण शर्मा गुरु का खेड़ा ,सुशील शर्मा, सत्यनारायण शर्मा सहित समाज के लोग मौजूद रहे।

# दलितों को साधने का प्रयास कर रही बीजेपी: हर जिले में पदाधिकारियों को टारगेट दिया गया, देशभर में सवा लाख को जोड़ने की कोशिश

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती से शुरू हुए अम्बेडकर सम्मान अभियान के तहत बीजेपी दलितों को साधने का प्रयास कर रही है। 25 अप्रेल तक चलने वाले इस अभियान के जरिए पार्टी देशभर में दलित समुदाय के सवा लाख लोगों से संपर्क करके उन्हें पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का आह्वान कर रही हैं। इसलिए प्रत्येक जिले में बीजेपी पदाधिकारियों को 125 लोगों से संपर्क करने टारगेट दिया गया है। एक जिले में पांच पदाधिकारियों को इसके लिए जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश में बीजेपी के संगठन के लिहाज से 44 जिले हैं। इस तरह से यहां बीजेपी पदाधिकारी करीब साढ़े पांच हजार दलितों से संपर्क साधेंगे। अभियान के सह समन्वयक सोमकांत शर्मा ने बताया- पार्टी अभियान के तहत दलित समुदाय के लोगों को पार्टी की रीति नीति से अवगत कराने का काम कर रही है। हम दलित समुदाय को उनके प्रति पार्टी की विचारधारा और कांग्रेस के फैलाए गए भ्रम से अवगत करा रहे हैं।

### कांग्रेस ने अन्याय और बीजेपी ने सम्मान किया

उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत प्रदेश में नगरपालिका क्षेत्र में 200 जगह प्रबुद्धजन गोष्ठी आयोजित की जा रही है। इस गोष्ठी में दलित समुदाय के प्रबुद्धजन उपस्थित रहते हैं। गोष्ठी में दो सत्र रखे गए हैं। इसमें पहले सत्र में कांग्रेस द्वारा बाबा साहब अम्बेडकर पर किए गए अन्याय और बीजेपी द्वारा उन्हें दिए गए सम्मान के बारे में चर्चा की जा रही है।




वहीं, दूसरे सत्र में बाबा साहब अम्बेडकर के बनाए संविधान की किस तरह से कांग्रेस ने धज्जियां उड़ाते हुए उसका दुरुपयोग किया है। इसके विपरीत बीजेपी ने किस तरह से संविधान के अनुरूप चलने का काम किया है, उस विषय पर चर्चा की जा रही है। सोमवार को भी प्रदेशभर में अलग-अलग जगह इस तरह की संगोष्ठी आयोजित होगी। इसमें दौसा में केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर शामिल होंगे। वहीं, झुंझुनूं में आयोजित संगोष्ठी में बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री व राज्यसभा सांसद अरूण सिंह का संबोधन होगा।

### नया मोदी पैदा करने में एक हजार साल लगेंगे

अभियान के तहत 11 अप्रेल को जयपुर में आयोजित हुई प्रदेशस्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा था कि कांग्रेस ने दलितों में जो भ्रम फैलाया है उसे तोड़ना जरूरी है। अगर हम इसमें विफल रहे तो कार्यकर्ताओं को नया मोदी पैदा करने में एक हजार साल लगेंगे। उन्होंने कहा था- बीजेपी को हराने के लिए सभी दल एक हो जाते हैं। एक होकर भ्रम पैदा करने की कोशिश करते हैं। आज कई अलग-अलग दल हैं। उनकी अलग-अलग नीतियां हैं। ये लोग कभी आपस में दोस्ती कर लेते हैं, कहीं आपस में लड़ भी लेते हैं। एक-दूसरे को गाली भी दे देते हैं, नीचा दिखाने का काम भी कर देते हैं। जूतम-पैजार भी कर लेते हैं। लेकिन, बीजेपी को हराने के लिए सब एक साथ आ जाते हैं।

# विश्व स्तर पर तिरंगा फहरता है तो प्रत्येक भारतीय गर्व से झूम उठता - ओम बिरला

## राजस्थान के कोटा में अंडर-20 नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारम्भ

## लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने किया उद्घाटन

## भरतपुर के चार पहलवान हुए शामिल





राजस्थान की राजनीति

**भरतपुर।** राजस्थान राज्य कुश्ती संघ की मेजबानी में राजस्थान के कोटा के नयापुरा खेल परिसर स्थित रघुराई एंडो स्टोर्ट्स कॉम्लेक्स पर महिला-पुरूष वर्ग की अंडर-20 नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। जिसका उद्घाटन लोकसभा स्पीकर व कोटा के सांसद ओम बिरला ने किया। उद्घाटन समारोह में गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम,ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर,सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक,सांसद सीपी जोशी,विधायक संदीप शर्मा,विधायक कल्पना देवी,भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह,राजस्थान कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता आदि उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में देश के 26 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के 800 से अधिक अंडर-20 वर्ग के पहलवान भाग ले रहे है और ये प्रतियोगिता 22 अप्रेल तक आयोजित होगीं। उसके बाद अंडर-20 एशियन गेम्स चयन वास्ते ट्रायल्स में जगह बनाने केलिए जंग में प्रयास करेंगे। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि कोटा शहर में नेशनल स्तर की अंडर-20 कुश्ती गेम्स का आयोजन होना गर्व की बात है। देश के कई राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों से पहलवान और कुश्ती जगत की हस्तियों सहित आयोजकों का शुभकामना देता हूं कि सफल आयोजन के बाद , अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ये खिलाडी भारतीय तिरंगे झंडे को लहराऐंगे। उन्होने कहा कि खेल जगत में जब भी भारतीय खिलाडी एवं टीम पदक जीतती है और विश्व स्तर पर तिरंगा फहरता है और राष्ट्रीय गान होता है,तो प्रत्येक भारतीय को गर्व होता है। आयोजन सचिव तेजेन्द्र सिंह बराड ने बताया कि प्रतियोगिता में पुरूष में ग्रीको रोमन और फ्री स्टाइल तथा महिलाओं की कुश्तियां होगी। तीनों वर्गो में वजन की 10-10 कैटेगरी रखी गई,इस प्रकार कुल 30 कैटेगरी में पहलवान खिताब केलिए भिडेंगे। इनमें विजेताओं को अंडर-20 एशियन चैम्पियन शिप में जाने वाली इंडिया टीम केलिए ट्रायल देने का मौका मिलेगा। कुश्ती प्रेमी एवं हरि ऑयल मिल समूह भरतपुर के निदेशक व उद्योग धराना की हस्ति यश अग्रवाल ने बताया कि कोटा में 20 अप्रेल से 22 अप्रेल तक पहली बार अंडर-20 वर्ग की नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता हो रही हैं। जिसका उद्घाटन लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने किया। प्रतियोगिता में भरतपुर जिले के चार पहलवान भी नेशनल स्तर पर कुश्ती की भिडंत करेंगे। जो भरतपुर जिले के लोगों को गर्व की बात है। उन्होने बताया कि ये प्रतियोगिता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के ओएसडी एवं राजस्थान कुश्ती संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष राजीव दत्ता के प्रयास हो रही है। उन्होने बताया कि 21 अप्रेल को महिला वर्ग की कुश्तियां होगी। इसी दिन महिला पहलवानों का सम्मान एवं पुरूस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और लाडपुरा विधायक कल्पना देवी होगी। मंगलवार को प्रतियोगिता का समापन होगा। जिसके मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री डॉ.प्रेमचन्द बैरवा,खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर,जलसंसाधन मंत्री सुरेश रावत,ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर,विधायक संदीप शर्मा,विघायक कल्पना देवी,भरतपुर के उद्योगपति यश अग्रवाल आदि होंगे। भरतपुर के रहे जिला खेल अधिकारी सत्य प्रकाश लुहाच ने बताया कि नेशनल स्तर की अंडर-20 कुश्ती गेम्स में भरतपुर के चार पहलवान भाग ले रहे है और आयोजन में उद्योगपति यश अग्रवाल एवं उनकी टीम के गौरव बंसल छोटू,हाथी पहलवान,अमन जघीना,सौरभ जघीना आदि का सहयोग सराहनीय है।

# सिविल सेवा दिवस पर खेल प्रतियोगिताओं में आईएएस, आईपीएस ने अपना कौशल दिखाया



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** सरदार वल्लभ भाई पटेल ने 21 अप्रेल, 1947 को नई दिल्ली के मैटकॉफ हाउस में सिविल सेवकों को सम्बोधित करते हुए उन्हें स्टील फ्रेम ऑफ इंडिया की जो उपाधि दी थी, अब तक अक्षरशः सच साबित हुई है। चाहे पिछडे क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा में लाना हो या कोरोना , आतंकवाद और प्राकृतिक आपदा से मुकाबला करना हो, सिविल सेवकों ने भारत राष्ट्र के विकास में हरसम्भव योगदान दिया है। सिविल सेवकों द्वारा राष्ट्र को दी गई इन्हीं अमूल्य सेवाओं के सम्मान में प्रत्येक वर्ष 21 अप्रेल को राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस न केवल सिविल सेवकों को याद करने का अवसर है, बल्कि यह हमें भारतीय सिविल सेवाओं की भावनाओं को परिभाषित करने वाले आधारभूत मूल्यों ईमानदारी, प्रतिबद्धता और निष्पक्षता को भी याद दिलाता है। सिविल सेवा दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में सिविल सर्विस कप–2025 का आयोजन हुआ, जिसमें क्रिकेट, रस्साकसी, , चेस, आदि खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई । टेबल टेनिस, लॉन टेनिस और बैडमिंटन प्रतियोगिताएं 21 अप्रेल को एसएमएस स्टेडियम में आयोजित होंगी।

### सिविल सेवाओं के मध्य क्रिकेट मैत्री मैच का आयोजन

राज्य की प्रमुख सिविल सेवाओं के मध्य सौहार्द एवं आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। यह मुकाबला राजस्थान प्रशासनिक सेवा एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा की संयुक्त टीम तथा राजस्थान पुलिस सेवा एवं भारतीय पुलिस सेवा की संयुक्त टीम के बीच खेला गया। मैच में दोनों टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और दर्शकों को एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। आईएएस एवं आरएएस की संयुक्त टीम माही ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आर. एस. डेलू के 25 रन और राष्ट्रदीप के 29 रन के सहयोग से 172 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए आईपीएस एवं आरपीएस की टीम चम्बल ने 18.6 ओवर में 6 विकेट खोकर मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच रहे हिमांशु जांगिड़ ने 61 रन बनाएं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सिविल सेवकों के बीच आपसी तालमेल को मजबूत करना और कार्यस्थल से बाहर भी आपसी संवाद को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

आयोजन के मुख्य अतिथि रहे मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने मैच के अंत में विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की और सभी खिलाड़ियों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिए।

### अन्य खेलों के विजेता

रस्साकसी प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में आईएएस एवं आरएएस संयुक्त टीम ने आईपीएस एवं आरपीएस संयुक्त टीम पर विजय प्राप्त की। रस्साकसी प्रतियोगिता के महिला वर्ग में नीतू राजेश्वर(आरएएस) प्रथम स्थान, अनुराधा गोगिया ( आरएएस) द्वितीय स्थान, सीमा मीना (आरएएस) तृतीय स्थान पर रही। शतरंज में पुरुष वर्ग में हेमंत कलाल (आईपीएस )प्रथम स्थान, दिनेश कुमार जांगिड़ (आरएएस) द्वितीय स्थान, नकाटे शिवप्रसाद मदान(आईएएस) तृतीय स्थान पर रहे। शतरंज में महिला वर्ग में अनुराधा गोगिया (आरएएस) प्रथम स्थान पर रही। कार्यक्रम के मुख्य आयोजनकर्ता नीरज के. पवन, शासन सचिव युवा मामले एवं खेल विभाग एवं सुश्री मालती चौहान, वरिष्ठ खेल अधिकारी, कार्मिक विभाग रही।

# राज्यपाल ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सम्मेलन में भाग लिया— भारत ने जीरो का ज्ञान दिया तब दुनिया को गिनती आई - राज्यपाल




राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को छत्रपति संभाजी नगर में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने इस दौरान भारत की महान विरासत की चर्चा करते हुए कहा कि भारत ने जब जीरो का ज्ञान दिया तब दुनिया को गिनती आई। उन्होंने नालन्दा विश्वविधालय में बख्तियार खिलजी द्वारा भारतीय ज्ञान से जुड़ी पुस्तकें जलाने का जिक्र करते हुए कहा कि चिकित्सा के महान ग्रन्थ इसलिए आग के हवाले कर दिए गए कि भारत रोग निदान में उस समय भी अग्रणी था। राज्यपाल ने प्राचीन भारतीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा से जुड़े ज्ञान के आलोक में भारत को अग्रणी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने तक्षशिला विश्वविद्यालय में अध्ययन करने वाले महान चिकित्सक जीवक और चरक, सुश्रुत जैसे विद्वानों की चर्चा करते हुए कहा कि प्राचीन ज्ञान को सहेजते हुए चिकित्सा सेवाओं को समृद्ध और संपन्न किया जाए। उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, और चिकित्सकों को सेवा भाव रखते हुए सस्ती, सुलभ और प्रभावी चिकित्सा को केंद्र में रखकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने आईएमए संगठन के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने और जन-जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वालों को सम्मानित भी किया।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झुंझुनूं में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को शेखावाटी क्षेत्र के दौरे के दूसरे दिन झुंझुनू के सर्किट हाऊस में जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याओं को सुना और मौके पर ही अधिकारियों को इन समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। शर्मा ने जनसुनवाई में कहा कि आम जन की समस्याओं का कम से कम समय में निस्तारण राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है, समस्याओं के समयबद्ध समाधान के लिए प्रभावी मैकेनिज्म तैयार किया गया है जिससे आमजन को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, विद्युत, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सार्वजनिक निर्माण, राजस्व विभाग एवं कृषि सहित अन्य विभागों से संबंधित परिवेदनाओं के शीघ्र निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, विधायक राजेन्द्र भांबू, विक्रम सिंह जाखल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं आमजन मौजूद रहे।

## लोक सेवा दिवस-2025 के अवसर पर सांस्कृतिक संध्या का हुआ आयोजन, संगीतमय वातावरण में लोक सेवकों ने दी सुरीली प्रस्तुतियां




राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** लोक सेवा दिवस-2025 के अवसर पर रविवार को जयपुर के हरीश चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में सांस्कृतिक संध्या का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में लोक सेवकों की एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियों ने हर किसी की धड़कने बढ़ा दीं। बसांस्कृतिक संध्या में आईपीएस श्री प्रफुल्ल कुमार, आईएएस श्री बिष्णु चरण मल्लिक, आईएफएस श्री कपिल चन्द्रावल, आईएएस डॉ. मनीषा अरोड़ा ने मधुर स्वर में बेहतरीन प्रस्तुतियाँ देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, आईएएस श्री समित शर्मा ने ÷है प्रीत जहाँ की रीत सदा, मैं गीत वहां के गाता हूं÷ गीत से श्रोताओं को गुनगुनाने पर मजबूर किया। संगीतमय संध्या में देशभक्ति गीतों, बॉलीवुड नगमों और कविताओं का सभी ने भरपूर आनंद उठाया। संगीतमय वातावरण में लोक सेवकों द्वारा अपने प्रशासनिक दायित्वों को निभाने के जज्बे को खूबसूरती से दर्शाती म्यूजिकल पैरोडी ने संगीतमय संध्या में समां बांधा। हर्ष और उत्साह से सराबोर श्रोताओं ने इस सांस्कृतिक संध्या की खुशनुमा और यादगार शाम का भरपूर आनंद उठाया और यादों में संजो लिया। सांस्कृतिक संध्या में मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत, महानिदेशक पुलिस श्री उत्कल रंजन साहू सहित प्रदेश के भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, भारतीय वन सेवा, राजस्थान प्रशासनिक सेवा, राजस्थान पुलिस सेवा, इन सेवाओं के कार्यरत एवं सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी सपरिवार मौजूद रहे।

## ऊर्जा मंत्री ने की विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा ॠमनरेगा में ग्रेवल सड़क, खेल मैदान एवं श्मशान विकास के कार्य प्राथमिकता से लें-ऊर्जा मंत्री



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने रविवार को कोटा जिला परिषद सभागार में आयोजित बैठक में सांगोद विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। ऊर्जा मंत्री ने हर खेत को पानी, हर खेत तक रास्ता के अपने संकल्प को दोहराते हुए मनरेगा के तहत ग्रेवल सड़कों की स्वीकृति एवं रास्ता खोलो अभियान पर चर्चा की। उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नागर ने मनरेगा के तहत ग्रेवल सड़क, खेल मैदान एवं श्मशान के विकास कार्यों को प्राथमिकता से लेने के निर्देश दिए। उन्होंने विधायक कोष से सांगोद क्षेत्र के लिए स्वीकृत कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। ऊर्जा मंत्री ने सांगोद विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए कार्ययोजना पर अधिकारियों के साथ चर्चा की और प्रगतिरत कार्यों को समय पर पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास की परिकल्पना को साकार करने के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध है। अधिकारी सरकार के इस संकल्प को साकार करने में प्रतिबद्ध होकर कार्य करें।

## वन मंत्री ने सम्मान समारोह और रक्तदान शिविर कार्यक्रम में शिरकत कर रक्तवीरों का उत्साहवर्धन किया



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार को चाणक्य परिवार, अलवर द्वारा आयोजित सम्मान समारोह और रक्तदान शिविर कार्यक्रम में प्रतिभावान बच्चों को प्रतीक चिन्ह वितरित कर सम्मानित किया एवं रक्तदान करने करने वाले रक्तवीरों का उत्साहवर्धन किया। शर्मा ने कार्यक्रम में कहा कि रक्तदान महादान है जो जरूरत पडने पर व्यक्ति की जान बचाता है। वर्तमान समय में हमारे युवा रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में बढ़–चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं, यह अच्छी परम्परा को दर्शाता है। उन्होंने रक्तदान शिविर के आयोजन के लिए चाणक्य परिवार को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज को आगे बढ़ाने में महती भूमिका निभाती है। शिक्षित समाज विकसित राष्ट्र के संकल्प को साकार करने में सार्थक सिद्ध होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अगुवाई में राजस्थान चहुंमुखी विकास की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अपने दोनों बजटों में शिक्षा पर विशेष फोकस कर शिक्षा तंत्र को मजबूती प्रदान करने करने काम किया गया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए केंद्रीय मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव द्वारा अलवर जिले में बड़ी संख्या में ई-लाइब्रेरी संचालित करने का काम किया जा रहा है। इसके बाद वन मंत्री शर्मा ने ग्राम नंगला चारण में ब्राह्मण समाज चौरासी पचमेला समिति की नवीन कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने समिति के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। शर्मा ने वैशाली नगर, अलवर में डॉ. राकेश चौधरी द्वारा शुरू किए गए निजी अस्पताल के उद्घाटन कार्यक्रम में भी भाग लिया।

### किन्नर समुदाय की संवेदनाओं को जीवंत करता नाटक 'रंगीली भागमती'

## रवीन्द्र मंच पर पर दर्शकों ने हंसी और आंसुओं के साथ किया नाटक का स्वागत, अशोक राही ने किया निर्देशन



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** पीपुल्स मीडिया थिएटर के बैनर तले प्रस्तुत इस नाटक को लेखक व निर्देशक अशोक राही ने रचा और निर्देशित किया। रविवार की शाम जयपुर के रविंद्र मंच पर एक अलग ही रंग देखने को मिला, जब सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों पर करारा व्यंग्य करता नाटक 'रंगीली भागमती' मंचित हुआ। पीपुल्स मीडिया थिएटर के बैनर तले प्रस्तुत इस नाटक को लेखक व निर्देशक अशोक राही ने रचा और निर्देशित किया। इस नाटक ने दर्शकों को न केवल हंसाया, बल्कि कई बार भावुक कर रुला भी दिया। नाटक की कहानी का केंद्र किन्नर समुदाय है, जो समाज का हिस्सा होने के बावजूद मुख्यधारा से वंचित रहा है। भागमती, हीरा, श्रीदेवी, रूबी, शब्बो और चांद जैसे किरदारों के माध्यम से अशोक राही ने न केवल इस समुदाय की संवेदनाओं, संघर्षों और व्यथाओं को दर्शाया, बल्कि यह भी दिखाया कि किस तरह वे सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था की उपेक्षा का शिकार होते हैं। नाटक की सबसे अनोखी विशेषता इसका नाट्य शिल्प रहा, जो जर्मन नाटककार ब्रेख्त की एलिमिनेशन थ्योरी पर आधारित था। एक ही दृश्य को तीन अलग-अलग दृष्टिकोणों से मंचित होते देख दर्शक रोमांचित हो उठे। यह प्रयोग दर्शकों को सिर्फ कहानी का हिस्सा नहीं बनाता, बल्कि सोचने पर मजबूर भी करता है। नाटक का एक खास हिस्सा रहा किन्नर किरदारों का कैटवॉक और फैशन शो, जिसने दर्शकों को चकित कर दिया। रंगीन परिधानों में सजे कलाकारों ने फैशन स्टाइल और आत्मविश्वास के साथ ऐसा प्रदर्शन किया कि दर्शक वाहवाही करते नहीं थके। करीब दो दर्जन कलाकारों ने इस नाटक में अभिनय किया, जिनमें नितिन सैनी, अतुल गुप्ता, अक्षत शर्मा, शुभम गौतम, रूद्र खत्री, जितेंद्र, जय सोनी, राम, राहुल चौधरी, मुस्कान, जतिन पारीक, तुषार, शालिनी शर्मा, हिना, घनश्याम, पवन, शिवम सोनी, चिराग, हरप्रीत, कुणाल प्रमुख थे। गीतकार कवि राघवेंद्र रावत थे और इसका संगीत अनिल सक्सेना और चंद्रकांत राजूरकर ने दिया, प्रकाश संयोजन शहजुर अली ने किया, जबकि रूप सज्जा में रवि बांका का योगदान रहा।नितिन सैनी सह-निर्देशक की भूमिका में थे। आयोजन के संयोजक रघुवीर पूनिया ने सभी दर्शकों का स्वागत किया और नाट्य संध्या का संयोजन सुप्रिया शर्मा ने किया।

## चिंतन

# सांसद अपनी मर्यादा में टिप्पणी करें तो अच्छा

सांसदों को अपनी गरिमा, मर्यादा और अपने संवैधानिक दायरे में ही काम करना और बोलना चाहिए। किसी फैसले से या किसी व्यक्ति से व्यक्तिगत नाराजगी प्रकट करने का तरीका यह नहीं है कि आपकी भाषा इतनी तल्ख हो जाए कि आप उन पदों का अपमान ही करने लगें। झारखंड के गोड्डा से भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने सुप्रीम कोर्ट, सीजेआई और पूर्व चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी को लेकर जिस तरह के शब्द प्रयोग किए हैं, वे कहीं से भी संसदीय आचरण के दायरे में नहीं हैं। आप चाहें संसद में बोलें या संसद के बाहर या किसी टीवी शो में, आप सांसद हैं और आप संवैधानिक दायरे से बंधे हुए हैं। बेशक भाजपा ने सांसद दुबे के बयान से पार्टी को अलग कर लिया है, लेकिन पार्टी ने अभी तक निशिकांत दुबे को चेतावनी तक नहीं दी है। पूर्व में कई बयानवीर भाजपा नेताओं ने कई अवसर पर अपने अनर्गल व अनावश्यक बयानों से पार्टी का नुकसान कराया है, इसलिए भाजपा को अपने सभी नेताओं को क्या बोलें, क्या नहीं बोलें, इसके लिए एक गाइडलाइन जरूर बनानी चाहिए। इसके साथ ही बयानवीर नेताओं पर एक्शन भी लेना चाहिए। अभी देश में दो मसले सुप्रीम कोर्ट में हैं। एक वक्फ संशोधन अधिनियम को चुनौती और दूसरा तमिलनाडु में सरकार बनाम राज्यपाल के बीच टकराव की स्थिति। वक्फ संशोधन अधिनियम संबंधी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने दो दिन सुनवाई की है और आगे भी सुनवाई होगी। यह एक प्रक्रिया से हो रही है। अदालत अपना काम कर रही है, इसलिए किसी को भी अधीर होने की जरूरत नहीं है। वक्फ संशोधन अधिनियम के बाद पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुए दंगे को रोकना राज्य सरकार का काम है, इसमें कोर्ट की कहीं से भी भूमिका नहीं है। सरकार जब कोई कानून बनाती है या संशोधन करती है, तो इसके परिणाम के लिए उसको तैयार रहने की जरूरत है। अगर सरकार वक्फ संशोधन अधिनियम के मामले में भी संवेदनशील क्षेत्र में सख्ती रखती तो मुर्शिदाबाद जैसी घटना नहीं होती। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी सरकार को पहले अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए, फिर राजनीति करनी चाहिए। सरकार में पदासीन रहते हुए अपना दायित्व निभाने के बजाय राजनीति करने से संविधान की शपथ का उल्लंघन होता है। ऐसे ही तमिलनाडु में राज्यपाल चुनी हुई सरकार के विधेयकों को नियम के दायरे में सकारात्मक भाव से लौटा सकते हैं, असीमित समय के लिए राज्यपाल किसी विधेयक पर कुंडली नहीं मार सकते हैं। सोचने वाली बात है कि एक सरकार को राज्यपाल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा क्यों खटखटाना पड़ता है? कांग्रेस शासन में राज्यपालों ने केंद्र के एजेंट के रूप में राज्य सरकार के खिलाफ पदों का दुरूपयोग किया तो, इसका मतलब यह नहीं कि यह देश में परिपाटी ही बन जाय। भाजपा पार्टी विद डिफरेंस है तो राज्यपाल, मंत्री, सांसद, नेता के नैतिक मानकों में भी यह दिखना चाहिए। निशिकांत दुबे के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्रवाई की मांग करते हुए एक याचिका अटॉर्नी जनरल को दी गई है। हर सांसद को संविधान के अनुच्छेद-105 के तहत विशेषाधिकार प्राप्त है, लेकिन केवल जब वे संसद में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे होंगे तब। सदन के बाहर सांसद की कोई भी टिप्पणी अनुच्छेद-105 के तहत प्रोटेक्टेड नहीं है। सबको अपने कानून, संविधान, न्यायपालिका, संसद पर पूर्ण भरोसा होना चाहिए और अंतिम फैसले का इंतजार करना चाहिए।

# कोचिंग का बढ़ता बाजार और दुश्वारियां



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

इन दिनों अखबारों के पन्ने, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनल्स और महानगरों से लेकर शहरों के बड़े - बड़े होर्डिंग्स नामी कोचिंग संस्थानों के विज्ञापनों से अटे पड़े हैं। प्रोफेशनल कोर्सेज और नौकरी के लिए ली जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं में गलाकाट प्रतिस्पर्धा के मद्देनजर भारत में कोचिंग एक बड़े उद्योग का शक्ल लेने लगा है जिसमें बड़े - बड़े कॉर्पोरेट घरानों का निवेश हो रहा है। अमूमन हर साल बारहवीं की परीक्षा के बाद इन कोचिंग संस्थानों में दाखिले की बहार आ जाती है। आईआईटी, इंजीनियरिंग, कानून , प्रबंधन और मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए ली जाने वाली परीक्षाओं की तैयारी के लिए राजस्थान के कोटा शहर से लेकर दिल्ली, नोएडा,बंगलुरु, हैदराबाद ,भुवनेश्वर, लखनऊ, वाराणसी, पटना, विशाखापत्तनम में बड़े - बड़े कोचिंग सेंटर स्थापित हैं जिसमें छात्रों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। आलम यह है कि कोचिंग हब कोटा के नामी कोचिंग संस्थानों के इसी शहर में कई सेंटर चल रहे हैं वहीं इन संस्थानों के चेन देश के अन्य महानगरों और शहरों में चल रहे हैं। इसके अलावा दिल्ली, लखनऊ, प्रयागराज, हैदराबाद, पटना, इंदौर, रायपुर, बिलासपुर सहित अन्य शहरों में यूपीएससी, पीएससी, बैंकिंग एवं अन्य नौकरियों की लिखित परीक्षा और साक्षात्कार की तैयारी के लिए भी कोचिंग संस्थानों की भरमार है। यूपीएससी की सिविल सेवा आईएएस, आईएफएस, आईपीएस, आईआरएस जैसे सेवाओं के परीक्षा व साक्षात्कार के लिए दिल्ली के कोचिंग सेंटर्स टॉप पर माने जाते हैं बल्कि यहां के कुछ नामी कोचिंग संस्थानों के सेंटर्स अन्य शहरों में भी संचालित हो रहे हैं।

बाजारीकरण के वर्तमान दौर में अमूमन सभी कोचिंग संस्थानों के विज्ञापनों में अभ्यर्थियों के 'सौ फीसदी सफलता' के दावे किए जाते हैं। अनेकों बार यह भी देखा गया है कि कई कोचिंग द्वारा प्रवेश या भर्ती परीक्षाओं के शीर्ष मेरिट में सफल अभ्यर्थियों को अपने सेंटर का बताकर झूठा प्रचार भी किया जाता है। अधिकतर कोचिंग सेंटर अपनी उपलब्धियों, सुविधाओं और संसाधनों को इस कदर बढ़ा - चढ़ाकर पेश करते हैं कि अभिभावक और छात्र लुभावने विज्ञापनों के मायाजाल में फंसकर इन सेंटरों की मोटी फीस देकर दाखिला ले लेते हैं। कोचिंग संस्थानों के विज्ञापनों पर गौर करें तो फिल्म जगत के अनेक अभिनेता इन इश्तेहारों में नजर आते हैं। वर्तमान आर्थिक परिदृश्य में शिक्षा और स्वास्थ्य धन उपार्जन का सबसे बड़ा जरिया बन चुका है जिसमें बड़े कॉर्पोरेट घरानों का पैसा लग रहा है।

देश में कोचिंग के बाजार की बात करें तो फिलहाल इस उद्योग का सालाना कारोबार 60 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा है जिसके 2028 तक 1.3 लाख करोड़ रुपए पहुंचने का अनुमान है। देश में कोचिंग इंडस्ट्री कितनी तेजी से फल - फूल रहा है, इसका अंदाजा कोचिंग संस्थानों से मिल रहे जीएसटी कलेक्शन को देखकर लगाया जा सकता है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक 2019-20 में जहां कोचिंग उद्योग से जीएसटी संग्रहण 2240.73 करोड़ रुपए था, वहीं 2023- 24 में यह कलेक्शन 5517.45 करोड़ रुपए का था।



इसके इतर कोचिंग संस्थानों के इस चकाचौंध का स्याह पक्ष छात्रों,अभिभावकों और समाज के लिए अनेक तरह की दुश्वारियां पैदा कर रहा है। आम मध्यमवर्गीय परिवार बच्चों के सुरक्षित भविष्य और अच्छी नौकरी के लिए अपना सबकुछ न्यौछावर कर इन महंगे कोचिंग संस्थानों में अपने बच्चों को दाखिला दिला रहे हैं। आलम यह कि सामान्य आर्थिक परिस्थिति के पालक महंगे कोचिंग संस्थानों की फीस और शहरों का खर्च उठाने के लिए बैंकों से कर्ज ले रहे हैं या अपनी संपत्ति को दांव में लगा रहे हैं। दूसरी ओर अभिजात्य तबका अपने 'स्टेटस टैग' बरकरार रखने के लिए अपने बच्चों की क्षमता और अभिरुचि का आंकलन किए बिना ही कोचिंग संस्थानों के हवाले कर देते हैं। विडंबना है कि माता-पिता के जबरिया अपेक्षाओं का बोझ लादे बच्चे अनजान शहरों और परिवेश में अपने आपको ढाल नहीं पा रहे हैं। परीक्षा में असफल होने और पालकों के अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर पाने के डर और आत्मग्लानि में बच्चे अवसाद ग्रस्त होकर खुदकुशी कर रहे हैं।

विचारणीय है कि देश का कोचिंग तीर्थ कोटा जंक्शन छात्रों के लिए मौत का जंक्शन बनते जा रहा है। इस शहर में छात्रों के आत्महत्या के मामलों पर गौर करें तो पुलिसिया आंकड़ों के मुताबिक बीते दस सालों में कोचिंग लेने वाले लगभग 150 से ज्यादा छात्रों ने खुदकुशी की है। कोटा पुलिस के अनुसार साल 2015 में 17, साल 2016 में 16,साल 2017 में 7, साल 2018 में 20 तथा 2019 में 8 छात्रों द्वारा खुदकुशी के मामले दर्ज किए गए थे।साल 2023 में 29 छात्रों ने आत्महत्या की जो बीते 8 सालों के दौरान सर्वाधिक था। बीते साल 2024 में कुल 17 कोचिंग स्टुडेंट्स ने खुदकुशी कर लिया वहीं इस साल मार्च तक 10 छात्रों ने खुद मौत को गले लगा लिया है। अलबत्ता छात्रों द्वारा किए जा रहे खुदकुशी के आंकड़े सिर्फ एक संख्या भर नहीं है बल्कि यह इकलौते संतान वाले परिवारों के लिए दुख का पहाड़ है। दूसरी ओर कोचिंग ले रहे बच्चों के खुदकुशी के बढ़ते मामलों पर देश के शिक्षाविद और समाजशास्त्री सभी चिंतित हैं। मनोविज्ञानियों की मानें तो अनावश्यक प्रतिस्पर्धा के दौर में अधिकांश छात्र अवसाद और कुंठा से घिर रहे हैं। अभिभावकों की इच्छा पर कोचिंग फैक्ट्री में दाखिला लेने वाले छात्र भावनात्मक सहयोग और संवाद के अभाव में मौत को गले लगा रहे हैं। बीते साल सुप्रीम कोर्ट में कोचिंग छात्रों के आत्महत्या के बढ़ते मामलों को लेकर दायर याचिका में अदालत ने इन मामलों के लिए अभिभावकों के दबाव को जिम्मेदार ठहराया था। अदालत ने कहा था कि माता-पिता अपने बच्चों से उनकी क्षमता से ज्यादा उम्मीद लगा लेते हैं फलस्वरूप बच्चे प्रतिस्पर्धा के दबाव में आत्मघाती कदम उठा रहे हैं। अदालत ने सरकारी शिक्षा व्यवस्था पर भी टिप्पणी किया था।

गौरतलब है कि देश के संविधान में शिक्षा एक बुनियादी अधिकार है जिसकी जवाबदेही सरकारों पर है लेकिन हमारी प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा का स्तर आज के प्रतिस्पर्धा और जरूरत के मुकाबले काफी फिसड्डी साबित हो रहा है। भारत में शिक्षा व्यवस्था शहरी - ग्रामीण और अमीरी व गरीबी के बीच बंटी हुई है जिसका खामियाजा मेधावी छात्रों और उनके अभिभावकों को उठाना पड़ रहा है। दरअसल स्कूली शिक्षा ही उच्च शिक्षा की बुनियाद होती है लेकिन भारत में बुनियादी शिक्षा के हालात काफी दयनीय है फलस्वरूप अभिभावकों और छात्रों को स्कूली परीक्षाओं से लेकर प्रोफेशनल कोर्सेज में दाखिले के लिए कोचिंग का सहारा लेना पड़ रहा है। हालांकि कोचिंग संस्थानों में फीस के नाम पर तगड़ी रकम उगाही और पढ़ाई के तनाव को कम करने के लिए भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने पिछले साल 16 जनवरी को कोचिंग सेंटर्स के लिए गाइडलाइंस भी जारी किया है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को कोचिंग संस्थानों के झूठे दावे वाले विज्ञापनों पर रोक लगाने की दिशा में सख्ती बरतने का आदेश दिया है वहीं केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण 'सीसीपीए' ने कोचिंग संस्थानों की ओर से परोसे जाने वाले भ्रामक विज्ञापनों पर शिकंजा कसने के लिए इन संस्थानों को कड़ी चेतावनी जारी भी किया है लेकिन नतीजा सिफर है। दिल्ली सहित देश के दूसरे शहरों में कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा उपायों में चूक और अन्य विसंगतियों के चलते घटित हादसों में छात्रों और युवाओं की मौत विचलित करती है।


अलबत्ता बीते दिनों कतिपय कोचिंग संस्थानों की संलिप्तता परीक्षा घोटालों में उजागर हुई है। बीते साल मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए ली जाने वाली परीक्षा 'नीट' सहित अनेक राज्यों के पीएससी के भर्ती परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक होने और पैसों के बदले नकली परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल करवाने तथा अपने ठिकानों में अभ्यर्थियों को पर्चे हल कराने जैसे फर्जीवाड़े में कुछ कोचिंग संस्थानों की संलिप्तता उजागर हुई है। देश के नामी कोचिंग संस्थानों की चेन में से एक 'फिट्जी' के अचानक बंद होने से अभिभावकों और छात्रों को अच्छा खासा चपत लगा है। विडंबना यह कि यह संस्थान ऐन मौके पर तब बंद हुआ जब जेईई और नीट की परीक्षाएं बच्चों के सिर पर था। बहरहाल भारत जैसे विकासशील देश में जहां की अधिसंख्यक आबादी छात्रों और युवाओं की है वहां हर अभिभावक और बच्चे को अपना करियर तय करने के लिए निजी कोचिंग जैसे साधन चुनने का अधिकार है। सरकार की जवाबदेही है कि वह इन कोचिंग संस्थानों के फीस और अन्य आवश्यक सुविधाओं के नियमन के लिए प्रभावी कानूनी प्रावधान सुनिश्चित करें ताकि पालकों के जेब और बच्चों का जान दोनों सलामत रहे। अभिभावकों से भी अपेक्षा है कि वे अपने बच्चों को पर्याप्त समय दें तथा अपनी अपेक्षाएं लादने के बजाय बच्चे के हुनर और योग्यता को प्रोत्साहित करें।

## सारा संसार



डल झील कांगड़ा जिले के तोता रानी गांव के पास स्थित एक सुरम्य झील है जिसकी गिनती हिमाचल प्रदेश की सबसे खूबसूरत झीलें (में की जाती है। यह झील पिकनिक स्पॉट के रूप में भी फेमस है जो पहाड़ों और ऊंचे देवदार के पेड़ों से घिरी हुई है।

# ईश्वर अनायास ही करते हैं हमारा कल्याण




संकलित

दर्शन

मनुष्य जब कुछ चाहता है, तो उसे अभाव का अनुभव होता है; परंतु उस अभाव की पूर्ति किस वस्तु से होगी, वह इसे नहीं जानता। बस, उसे विश्वास होता है कि जिस वस्तु से मेरे अभाव की पूर्ति होगी, उसको भगवान जानते हैं और इसलिए वह उस अज्ञात वस्तु के लिए भगवान पर निर्भर करता है। जैसे छोटा शिशु बिस्तर पर पड़ा रोता है, उसे कोई कष्ट है- जाड़ा लग रहा है, मच्छर काट रहे हैं या और कोई पीड़ा है। वह यह नहीं जानता कि किस वस्तु की प्राप्ति होने पर मेरा संकट दूर होगा-वह केवल मां को जानता है और रोकर मां को बुलाता है। मां आकर स्वयं पता लगाती है कि बच्चा क्यों रो रहा है और पता लगाकर स्वयं उसके कष्ट निवारण का उपाय करती है। इसी प्रकार इस अवस्था में भक्त अपने लिए उपयोगी अज्ञात फल के लिए भगवान पर निर्भर करता है और उन्हीं की कृपा से कल्याणकारी फल को प्राप्त करके संतुष्ट होता है। इसमें फलरूप वस्तु का निर्णय भगवान करते हैं, इस दृष्टि से निर्भरता का यह स्तर ऊंचा होने पर भी सकाम भाव होने के कारण यह भी वस्तुत आंशिक ही है। इसके बाद उन भक्तों की बात है, जो केवल भगवान को ही प्राप्त करना चाहते हैं और उसके लिए भगवान पर ही निर्भर करते हैं। इनके लिए भी बिल्ली के बच्चे और छोटे शिशु के उदाहरण दे सकते हैं। ये केवल चिंतन परायण रहते हैं, उसका फल भगवान की प्राप्ति कब होगी, क्यों कर होगी- इस बात को भगवान पर ही छोड़ देते हैं, और वास्तव में यों सब कुछ भगवान पर छोड़ने वाले बड़े लाभ में ही रहते हैं।

# सत्य की अनुभूति से जाग्रत होता है मन



संकलित

प्रेरणा

इच्छा आकाश के समान अनंत है। सब जानते हैं कि इच्छा पूर्ण नहीं होती, अपूर्ण बनी-की-बनी रहती है। पर सच्चाई का साक्षात्कार करने वाले विरल व्यक्ति ही मिलेंगे। साक्षात्कार वही व्यक्ति कर पाता है, जिसका शुक्ल पक्ष जाग गया है। इसे समझने के लिए एक प्रसंग है। कपिल दो मासे सोने के लिए राजा के पास गया। राजा ने कहा- मांगो। अब इच्छा को खेलने के लिए अनंत आकाश मिल गया। इच्छा बढ़ती गई और पूरे राज्य को पा लेने और राजा को रंक बनाने की बात सोचकर ही शांत हुई । मोड़ आया। सच्चाई का भान हुआ। शुक्ल पक्ष जाग गया। राजा ने कहा- मांगो। कपिल बोला- क्या मांगू? कुछ है ही नहीं इस संसार में। अब मैं जा रहा हूं, उस देश में जहां मांग नहीं है, चाह नहीं है। कपिल संन्यासी बन गया। सच्चाई का साक्षात्कार होते ही मांग पूरी हो जाती है, चाह समाप्त हो जाती है। जब तक सच्चाई का अवबोध नहीं होता, तब तक मांग कभी पूरी होती ही नहीं, चाह मिटती ही नहीं। सिद्ध पुरुष ने अपने भक्त से कहा- प्रसन्न हूं। कुछ मांगो। भक्त बोला- कुछ नहीं चाहिए। सिद्ध पुरुष ने देखा, यह कैसा भक्त! अमूल्य क्षण को खो रहा है। मांगने के लिए आग्रह किया। भक्त बोला- यदि आप देना ही चाहते हैं तो यह वरदान दें कि मेरे मन में चाह उत्पन्न ही न हो, मांग रहे ही नहीं। यह तब संभव है, जब सत्य का साक्षात्कार हो जाता है। अन्यथा लोग मांग को पूरी करने के चक्कर में कितने देवी-देवताओं की मनौतियां मनाते हैं, पूजा-अर्चना करते हैं। वे कहां-कहां नहीं भटकते।

## आर्थिक

डा. सपना बंसल



# अर्थव्यवस्था को बनाए रखने में बुनियादी मूल्य भी जरूरी

आजकल अमेरिका और चीन का व्यापारिक युद्ध हर खासोआम के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है। अमेरिका और चीन जो आज विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, क्या उनका यह व्यापारिक बर्ताव किसी अर्थव्यवस्था के लंबे समय तक स्थिर रूप से विकसित होने के लिए सही है, इसका उत्तर कदापि नहीं है। आज दुनिया कठिन समय से गुजर रही है। यूक्रेन और मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध के कारण निर्दोष लोगों की जाने जा रही हैं। वैश्विक वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति बाधित हो रही है। हम दुनिया भर में लोकतंत्र के मूल्यों का ह्रास होते देख रहे हैं। ऐसे नेताओं का उदय हो रहा है जिन्हें केवल अपनी सत्ता की परवाह है, आम लोगों के लिए उनके मन में कोई सहानुभूति या चिंता नहीं है। गौरतलब है कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिका ने विश्व को पूर्ण स्थापित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। तत्कालीन अमेरिका के 32वें राष्ट्रपति रहे फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट ने कहा था कि अमेरिका विश्व के लिए क्या कर सकता है, यह उसका कर्त्तव्य ही नहीं है अपितु मौलिक धर्म भी है, इसी उद्देश्य से अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध से प्रभावित देशों को आर्थिक और राजनीतिक सहायता भी प्रदान की। मार्शल योजना से यूरोपीय देशों को पूर्ण निर्माण और आर्थिक विकास के लिए कुल 13 बिलियन डॉलर की सहायता के तहत उसने भोजन, मशीनरी जैसी आवश्यक वस्तुएं प्रदान की, ताकि वे देश अपनी अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा कर पाएं। इन सब प्रयासों के साथ ही अमेरिका विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का संस्थापक सदस्य भी रहा था। इन संगठनों का मकसद वैश्विक स्तर पर आर्थिक स्थिरता और समृद्धि हासिल करना था। इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र की स्थापना भी 24 अक्टूबर 1945 को हुई जिसमें अमेरिका ने अपनी एक अहम भूमिका निभाई और जोर दिया कि भविष्य में युद्ध को रोका जा सके। आज अमेरिका का दूसरा ही रुख देखने को मिल रहा है और विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का यह सम्बोधन करना कि आपके लिए अमेरिका क्या कर रहा है यह मत पूछो, अपितु आप अमेरिका के लिए क्या कर सकते हैं यह सोचने का विषय है। ट्रंप के इस संबोधन ने हम सबको यह सोचने के लिए मजबूर कर दिया है कि क्या दुनिया निःस्वार्थ, विश्वास और एक-दूसरे के परस्पर सहयोग के बिना चल सकती है। कुछ समय के लिए ऐसा मुमकिन है किंतु अगर हम सदियों तक पृथ्वी पर जीवित रहना चाहते हैं तो इस मानसिकता के साथ यह ग्रह हमें अपने ऊपर आश्रय नहीं देगा क्योंकि यह पृथ्वी लोहे और सीमेंट के मजबूत स्तंभों पर नहीं खड़ी है अपितु पृथ्वी की संरचना मनुष्य के विश्वास, इंसानियत, सत्य, अहिंसा और पुरुषार्थ से बनी हुई है जो अभी भी धरती पर कहीं ना कहीं जीवंत है। तात्पर्य यह है कि धरती पर आज भी इंसानियत नामक धर्म फल-फूल रहा है और मनुष्य सांस ले रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो अपने हित को ही सर्वप्रथम रखते हैं वह भूल बैठे हैं कि सिर्फ मुनाफे की चाह काफी नहीं होती। महान अर्थशास्त्री एडम स्मिथ का कहना था कि किस तरह मुक्त बाजार और व्यक्तिगत उद्यम से समाज का भला हो सकता है, अगर स्वार्थ में मुनाफे की लालसा को बुनियादी मूल्यों से अलग कर दिया जाए तो वह प्रणाली निसंदेह आर्थिक विनाश की ओर ले जाएगी।

(लेखिका एसोसिएट प्रोफेसर, बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)










## ट्रेंड

### ईस्टर की शुभकामनाएं



सभी को ईस्टर की हार्दिक शुभकामनाएं। यह ईस्टर इसलिए खास है क्योंकि दुनिया भर में जयंती वर्ष को बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। यह पवित्र अवसर हर व्यक्ति में आशा, नवीनीकरण और करुणा की भावना जगाए। चारों ओर खुशियाँ और सद्भावना हो।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सपा की नीयत में खोट



कांग्रेस व भाजपा की तरह सपा भी अपनी नीयत व नीति में खोट के कारण कभी भी दलितों-बहुजनों की सच्ची हितैषी नहीं हो सकती है, जबकि बीएसपी 'बहुजन समाज' को शासक वर्ग बनाने को समर्पित व संघर्षरत रही है।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### नेहरू ने साहस दिया



नेहरू ने हमें राजनीति नहीं सिखाई, उन्होंने हमें डर का सामना करना और सच्चाई के लिए खड़ा होना सिखाया। उन्होंने भारतीयों को उत्पीड़न का विरोध करने और अंततः स्वतंत्रता का दावा करने का साहस दिया।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### भाजपा का महा-भ्रष्टाचार



महाराष्ट्र में एक पुलिस ऑफिसर द्वारा ये खुलासा किया जाना कि ईवीएम में धांधली करने के लिए उसके खाते में भाजपाइयों ने 10 लाख रुपये डलवाए, भाजपा के महा-भ्रष्टाचार का महा-भंडाफोड़ है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

तस्करी के लिए कार लूटने वाली गैंग का सरगना गिरफ्तार

## पुलिस ने गैंग के सरगना को अलवर जेल से किया गिरफ्तार, आरोपी जेल में रह कर संचालित करता था गैंग



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर के करधनी थाना पुलिस ने अलवर जेल से कार रेंट पर लेकर तस्करों को बेचने वाले गिरोह के सरगना को गिरफ्तार किया हैं। हालाही में गिरफ्तार हुए बदमाशों से पूछताछ में पुलिस को अलवर जेल में बंद गैंग के सरगना जयंत कुमार के बारे में जानकारी मिली। जिस पर करधनी पुलिस जयंत कुमार को लेकर जयपुर आई हैं। आरोपी के 5 साथी जयपुर के करधनी थाना पुलिस ने गिरफ्तार लूटी गई कार रिकवर की थी।

डीसीपी वैस्ट अमित कुमार ने बताया कि पीड़ित राहुल सैनी ने एक रिपोर्ट करधनी थाने में 9 मार्च को दर्ज कराई थी। जिस में उस ने बताया था कि उसका जानकार रवि गुर्जर मेरे घर से मेरी स्कॉर्पियों कार नम्बर-24भ-5784न को अपने किसी काम के लिये लेकर गया था तथा उसके पास से मोहित सोनी व संदीप यादव शादी में जाने का बोलकर स्कॉर्पियों कार ले गये थे। उन्होंने मेरी कार वापिस नहीं लौटाई है। रवि गुर्जर ने जब मोहित सोनी को फोन किया तो उसने बताया कि गाडी मेरे दोस्त संदीप के पास है, उससे पूछ के आपको कुछ देर में बताता हूँ और फिर उसका कॉल आया कि संदीप का फोन बंद आ रहा, तब मैंने गाडी का जीपीएस चैक किया तो जीपीएस बंद आ रहा था। संदीप व मोहित धोखे से कार लेकर गए और अब दे नहीं रहे हैं। घटना को गम्भीरता से लेते हुये नामजद बदमाशों की तलाश में टीमे लगाई गई। स्कॉर्पियों कार के आने व जाने के सीसीटीवी कैमरो की फुटेज को खंगाला गया। कार की तलाश हेतु मुखबीर तंत्र को मजबूती से एक्टिव किया गया। जिस पर पुलिस टीम ने 1. मनीष यादव, 2. रामलाल 3. अन्शु सिंह, 4. कर्मवीर सिंह उर्फ मोनू, 5 विजय कुमार शर्मा उर्फ मोटया को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अन्शु सिंह अलवर जेल में बन्द जयन्त कुमार का साथी है। जिस ने मनीष यादव व अन्शु सिंह के साथ मिल कर कार को खुर्दबुर्द कर दिया। जिस पर आज पुलिस ने अलवर जेल से जयंत कुमार को गिरफ्तार किया हैं।

आधी-रात जयपुर में फ्लाइट के गेट पर बैठे रहे सीएम

## दिल्ली से डायवर्ट हुआ विमान, जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री बोले- दिल्ली का एयरपोर्ट बकवास है



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** ट्रैफिक की वजह से शनिवार रात इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट निर्धारित वक्त 10.30 बजे दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड नहीं हो पाई। इसके बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल यूनिट ने इस फ्लाइट को जयपुर एयरपोर्ट पर डायवर्ट कर दिया। रात 12ः20 बजे फ्लाइट जयपुर एयरपोर्ट पहुंची।

इसमें जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी अपने परिवार के साथ मौजूद थे। करीब ढाई घंटे तक दिल्ली के लिए उड़ान भरने का इंतजार करते रहे।

इस दौरान उमर अब्दुल्ला ने नाराजगी जाहिर करते हुए ङ्ग पर लिखा- दिल्ली एयरपोर्ट बेहद बुरी स्थिति में है। ( मेरी भाषा के लिए मुझे माफ कीजिए, लेकिन मैं अब विनम्र होने के मूड में नहीं हूं)

जम्मू से हवा में तीन घंटे बिताने के बाद, हमें जयपुर डायवर्ट कर दिया गया। मैं यहां रात 1 बजे विमान की सीढ़ियों पर ताजी हवा ले रहा हूं। मुझे नहीं पता कि हम यहां से किस समय निकलेंगे।

### सुबह 3 बजे दिल्ली पहुंचे उमर अब्दुल्ला

इसके बाद उन्होंने ङ्ग पर फिर लिखा- अगर किसी को आश्चर्य हो रहा है, मैं दिल्ली सुबह 3ः00 बजे के बाद ही पहुंचा।

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर से इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6श्व - 5054 ने शाम 9 बजकर 25 मिनट पर दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। फ्लाइट अपने निर्धारित वक्त पर लगभग 10 बजकर 30 मिनट पर दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड नहीं हो पाई।

इसके बाद फ्लाइट लगभग 2 घंटे तक आसमान में ही रही। रात 12 बजकर 20 मिनट पर फ्लाइट को जयपुर एयरपोर्ट पर लैंड किया गया। इसके बाद रात 2 बजकर 15 मिनट पर फ्लाइट फिर से दिल्ली के लिए रवाना हुई।


### दिल्ली एयरपोर्ट ने दी सफाई

उमर अब्दुल्ला की नाराजगी के बाद दिल्ली एयरपोर्ट प्रबंधन ने सफाई दी। इसमें उन्होंने बताया कि एयर ट्रैफिक की वजह से फ्लाइट को डायवर्ट किया गया था। यात्रियों को अपनी एयरलाइन से फ्लाइट की जानकारी लेते रहने की सलाह दी गई थी।

जयपुर में मशहूर डीजे एलन वॉकर का शो हुआ

# बोले- जीवन भर के लिए यादें बन गईं; कॉन्सर्ट में लोगों के मोबाइल हुए चोरी

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** मशहूर इंटरनेशनल डीजे और म्यूजिक प्रोड्यूसर एलन वॉकर ने जयपुर एग्जिबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में परफॉर्म किया। जो स्टेज पर अपने अंदाज में ब्लैक मास्क और हुडी पहने नजर आए। गानों की बीट्स जब स्टेज से गूंजीं तो युवा थिरकते नजर आए। एलन को सुनने के लिए मुंबई, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और गुजरात से भी लोग पहुंचे है। ब्रिटिश-नॉर्वेजियन म्यूजिक आर्टिस्ट एलन वॉकर अपने श्वष्ठरू और डांस ट्रैक्स के लिए दुनिया में जाने जाते हैं। वहीं, दूसरी तरफ शो में पहुंचे कई लोगों मोबाइल चोरी हो गए। जयपुर में शो के दौरान एलन ने कहा- जयपुर में बड़ा अच्छा लग रहा है। पूरी दुनिया में शो किया है, जयपुर के बिना यह टूर अधूरा था। जयपुर बहुत खूबसूरत शहर है। यहां आना हमारे लिए भी खास है। इंडिया में हमने अलग अलग जगह शो किया है। यहां से जीवन भर के लिए यादें बन गई हैं।

### मास्क में परफॉर्म करने की खास वजह

दरअसल, एलन वॉकर अपने सिग्नेचर मास्क और हुडी लुक के लिए भी पहचाने जाते हैं। वह हर परफॉर्मेंस में मास्क पहनकर स्टेज पर आते हैं, जिससे उनकी पहचान एक रहस्यमयी और सिंबोलिक ब्रांडिंग बन गई है। वॉकर का मानना है कि उनकी पहचान सिर्फ चेहरा नहीं, बल्कि उनका संगीत है। वह चाहते हैं कि लोग उन्हें उनके म्यूजिक से याद रखें, ना कि सिर्फ चेहरे से।

एलन वॉकर का 2015 का गाना 'Faded' सुपरहिट हुआ था, जिससे उन्हें दुनियाभर में पहचान मिली। यह गाना बिलियन+ स्ट्रीम्स पार कर चुका है। उनकी पहचान ब्लैक हुडी और फेस मास्क के साथ होती है। जो उनके यूनीक स्टाइल का हिस्सा है। वह श्वष्ठरू प्रोग्रेसिव हाउस, बिग रूम हाउस और फ्यूचर बास जैसी म्यूजिक शैलियों में माहिर हैं।

### भारत में दौरे पर हैं वॉकर

एलन वॉकर इस समय अपने इंडिया टूर पर हैं। 'वॉकर वर्ल्ड इंडिया टूर 2025' के तहत अप्रैल में वे गुवाहाटी, भुवनेश्वर, हैदराबाद में पहली बार लाइव परफॉर्म कर चुके हैं। एलन वॉकर का यह टूर इंडिया में 17 अप्रैल को गुवाहाटी से शुरू हुआ, इसके बाद 18 अप्रैल को हैदराबाद, 19 अप्रैल को भुवनेश्वर में लाइव हुआ।

एलन वॉकर एक प्रसिद्ध नॉर्वेजियन डीजे और संगीत निर्माता हैं। उनका संगीत मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक डांस म्यूजिक (ईडीएम) और प्रोग्रेसिव हाउस शैली में आता है। एलन वॉकर ने जयपुर में ÷फेडेड, ÷अलोन÷, ÷सिंग मी टू स्लीप÷, ÷रूटीन÷, ÷प्ले÷ जैसे गानों का म्यूजिक प्ले किया।

क्रेडाई रियल एस्टेट एक्सपो का आरआईसी में समापन

# 90 करोड़ से अधिक की ऑन स्पॉट बुकिंग, सात हजार लोगों ने करवाया रजिस्ट्रेशन

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** क्रेडाई राजस्थान की ओर से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में आयोजित चार दिवसीय क्रेडाई रियल एस्टेट एक्सपो 2025 रविवार को समापन के साथ संपन्न हुआ। रविवार को विजिटर्स की भारी भीड़ देखी गयी और लोगों ने बढ़-चढ़कर लकी ड्रॉ में भाग लिया। एक्सपो में 7,000 से अधिक विजिटर्स ने रजिस्ट्रेशन कराया, जबकि 67 ऑन द स्पॉट बुकिंग के जरिए 90 करोड़ रुपए से अधिक की प्रॉपर्टी बेची गई। 25 लाख रुपए तक के कैश डिस्काउंट, लकी ड्रॉ और मल्टीस्टोरी फ्लैट्स, विला, फार्म हाउस, ओपन लैंड जैसे विकल्पों ने बायर्स को आकर्षित किया। एक्सपो में 50+ स्टॉल्स पर 400+ प्रॉपर्टी मॉडल्स प्रदर्शित किए गए थे, जिनमें नए ट्रेंड्स में शामिल टेक फ्रेंडली ऑटोमेशन फीचर्स वाले डेमो प्रोजेक्टस सबका ध्यान खींचने में सफल रहे। कार्यक्रम में क्रेडाई राजस्थान के चेयरमैन गोपाल गुप्ता, प्रेसिडेंट संजय गुप्ता, महासचिव रविन्द्र प्रताप सिंह, कनविनयर गिर्राज अग्रवाल, को-कनविनयर कृष्णा गुप्ता व अमित विजयवर्गीय सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। क्रेडाई राजस्थान के को-कनविनयर कृष्णा गुप्ता ने बताया कि हमने अपने प्रोजेक्टस में जयपुर की विरासत को बनाए रखते हुए उसे भव्यता देने की कोशिश की है। इस एक्सपो में देखा गया रुझान आने वाले समय में इको फ्रैंडली मल्टीस्टोरी बिल्डिंग्स, स्मार्ट होम ऑटोमेशन, ग्रीन बिल्डिंग्स, वेलनेस सेंटर और सेल्फ-सस्टेनेबल डेवलपमेंट की बढ़ती मांग को दर्शाता है। आज की पीढ़ी सिर्फ लग्जरी नहीं, बल्कि सुरक्षित, स्मार्ट और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली की तलाश कर रही है, और हम उसी दिशा में काम कर रहे हैं। ये सभी हाईटेक सुविधाएं अब बजट सेगमेंट तक पहुंच रही हैं, ताकि हर वर्ग को बेहतर जीवनशैली मिल सके।

जयपुर में फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप पर एफआईआर दर्ज

# एक समाज को लेकर सोशल मीडिया पर डाली थी आपत्तिजनक पोस्ट

राजस्थान की राजनीति




**जयपुर।** फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप के खिलाफ जयपुर के बजाज नगर थाने में एफआईआर दर्ज हुई है। मामला सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट डालने से जुड़ा है, जिसमें जाति-विशेष को लेकर अपशब्द लिखे गए थे।

ASI इंद्राज ने बताया- बरकत नगर में रहने वाले अनिल चतुर्वेदी ने शनिवार रात फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप के खिलाफ शिकायत दी थी। शिकायत में बताया कि फिल्म डायरेक्टर की ओर से जाति-विशेष को लेकर विवादित पोस्ट डाली गई। सोशल मीडिया पर अपशब्द बोलकर अपमानित किया गया है।

### अब सिलसिलेवार पढ़िए क्या है पूरा मामला...

फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप की फिल्म 'फुले' को लेकर विवाद खड़ा हुआ है। 25 अप्रैल को फिल्म फुले रिलीज होने वाली है। फिल्म समाज सुधारक दंपती ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित है। फिल्म के रिलीज होने से पहले ही जातिवाद को बढ़ावा देने का आरोप लग रहा है। सेंसर बोर्ड की ओर से भी फिल्म में कुछ बदलावों की मांग की गई थी। इस पर फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप की ओर से नाराजगी जाहिर करते हुए सोशल मीडिया पर विवादित बयान पोस्ट किया था। जाति-विशेष को लेकर फिल्म डायरेक्टर के बयान के बाद देशभर में बवाल मच गया।

### अनुराग ने ब्राह्मण समुदाय के लिए गलत शब्दों का यूज किया

दरअसल, 'फुले' फिल्म पर कॉन्ट्रोवर्सी चल रही है। इसकी रिलीज में देरी और CBFC के बदलावों से परेशान होकर अनुराग ने केंद्र सरकार, ब्राह्मण समुदाय और सेंसर बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन पर कई सवाल उठाए थे। इसके बाद कश्यप को ब्राह्मण समुदाय ने जमकर ट्रोल किया था। अनुराग पर निशाना साधते हुए एक यूजर ने लिखा था- ब्राह्मण तुम्हारे बाप हैं, जितना तुम्हारी उनसे सुलगती, उतना तुम्हारी सुलगाएंगे। इसका जवाब देते हुए डायरेक्टर ने आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था।

### धमकी मिलने के बाद माफी मांगी

अनुराग को ट्रोल किया गया तो उन्होंने ब्राह्मण समुदाय पर दिए अपने आपत्तिजनक बयान पर माफी मांगी। शुक्रवार (18 अप्रैल) देर रात उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा था- मैं माफी मांगता हूं, पर ये मैं अपनी पोस्ट के लिए नहीं बल्कि उस एक लाइन के लिए मांग रहा हूं, जिसको गलत तरह से लिया गया और नफरत फैलाई गई। कोई भी एक्शन या स्पीच आपकी बेटी, परिवार, दोस्त और जानने वालों से ज्यादा नहीं। उन्हें रेप की धमकी मिल रही है, जान से मारने की धमकी दी जा रही है। जो खुद को संस्कारी कहते हैं, वो लोग ये सब कर रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा- तो कही हुई बात वापस नहीं ली जा सकती और न लूंगा, लेकिन मुझे जो गाली देनी है दो। मेरे परिवार ने न कुछ कहा है और न कहता है। इसलिए अगर मुझसे माफी ही चाहिए तो ये मेरी माफी है। ब्राह्मण लोग औरतों को बख्श दो, इतना संस्कार तो शास्त्रों में भी है, सिर्फ मनुवाद में नहीं है। आप कौन से ब्राह्मण हो तय कर लो? बाकी मेरी तरफ से माफी।

केबल का पेमेंट नहीं किया, JVVNL पर लगा 30-हजार का जुर्माना

## ग्राहक से मंगवाई थी सर्विस लाइन केबल, आयोग ने माना सेवा दोष



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वितीय ने ग्राहक से सर्विस लाइन केबल मंगवाने और उसका भुगतान नहीं करने को सेवा दोष माना है। इस पर आयोग ने जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जेवीवीएनएल) पर 30 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। यह आदेश आयोग अध्यक्ष ग्यारसीलाल मीणा और सदस्य हेमलता अग्रवाल की बैंच ने चित्रकूट योजना निवासी नरेन्द्र कुमार गुप्ता के परिवादी पर दिए।

परिवाद में कहा गया था कि 28 जुलाई 2021 को परिवादी के घर की बिजली अचानक चली गई। उसने जेवीवीएनएल के कस्टमर केयर पर इसकी शिकायत दर्ज कराई। इस पर निगम की फॉल्ट रेक्टिफिकेशन टीम मौके पर आई।

टीम के सदस्यों ने परिवादी से कहा- खंभे से उसके मीटर में आने वाली सर्विस लाइन केबल खराब हो गई है। इसे बदलना पड़ेगा। लेकिन निगम के स्टोर में अभी केबल उपलब्ध नही हैं, ऐसे में परिवादी स्वयं केबल खरीदकर ले आए। इसका भुगतान निगम बाद में कर देगा।

अंधेरा हो चुका था ऐसे मे परिवादी के सामने कोई विकल्प नहीं था। ऐसे में उसने 8,260 रुपए का भुगतान करके केबल खरीदी। लेकिन निगम ने उसका भुगतान नहीं किया।

### जेवीवीएनएल ने कहा- 10 एमएम केबल के भुगतान को तैयार

सुनवाई के दौरान जेवीवीएनएल ने कहा- फॉल्ट वाले दिन हमने परिवादी को बता दिया था कि उनके कनेक्शन के हिसाब से 10 एमएम मोटाई की केबल पर्याप्त हैं। लेकिन परिवादी 16 एमएम मोटाई की केबल लगवाना चाहता था। हमने परिवादी को बता दिया था कि निगम 10 एमएम मोटाई की केबल का ही भुगतान करेगा। लेकिन परिवादी की ओर से अनुचित तरीके से भुगतान की मांग की गई। इसके लिए निगम किसी भी प्रकार से न तो जिम्मेदार है और नही देनदार हैं।

परिवादी को 10 एमएम केबल का मूल्य, जो निगम की उपलब्ध सूची में तय है, उसके भुगतान के लिए निगम पहले भी तत्पर था और आज भी सहमत हैं।


### केबल उपलब्ध कराना निगम की जिम्मेदारी

आयोग ने अपने आदेश में कहा कि फॉल्ट होने पर केबल उपलब्ध कराना निगम की जिम्मेदारी है। निगम द्वारा ही परिवादी से कहा गया कि स्टोर में केबल उपलब्ध नहीं है। ऐसे में वह बाजार से लेकर आए। वहीं अगर परिवादी तय क्षमता से ज्यादा की केबल लेकर आया तो निगम को उसी समय कहना चाहिए था कि इसका भुगतान निगम नहीं करेगा। निगम ने ऐसा कोई भी कथन उस समय नहीं किया। वहीं, बाद में भी केबल का भुगतान परिवादी को नहीं किया गया। ऐसे में निगम परिवाद दायर करने की तिथि से भुगतान तिथि तक 9 प्रतिशत ब्याज की दर से केबल राशि का भुगतान परिवादी को करें। इसके साथ ही इस पूरे घटनाक्रम में जो मानसिक संताप परिवादी को हुआ है, उसकी एवज में 30 हजार रुपए की राशि का भुगतान भी परिवादी को एक माह में किया जाए। अगर एक माह में भुगतान नहीं किया जाता है तो निगम को उस पर भी 9 प्रतिशत की ब्याज की दर से भुगतान करना होगा।

आरसीए चुनाव की तैयारियों में जुटी एडहॉक कमेटी

## बिहाणी ने जिला संघों से लेटर भेज मांगी जानकारी, जानें कौनसे नेता पुत्र है पदाधिकारी

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव का काउंटडाउन शुरू हो गया है। खेल परिषद और क्रिकेट संचालन कमेटी के गठन के बाद अब एडहॉक कमेटी ने 1 साल बाद जिला क्रिकेट संघों को चुनावी तैयारी शुरू करने को लेकर लेटर जारी किया गया है। इसके साथ ही बीजेपी विधायक और एडहॉक कमेटी के कन्वीनर जयदीप बिहाणी ने प्रदेश के सभी जिला क्रिकेट संघों से मौजूद पदाधिकारियों की डिटेल भी मांगी है।


### जिला क्रिकेट संघों से मांगी पधाधिकारियों की जानकारी

बीजेपी विधायक और एडहॉक कमेटी के कन्वीनर जयदीप बिहाणी ऋष्ट के पिछले एक साल से लंबित चल रही चुनाव प्रक्रिया को शुरू करने में जुट गए हैं। उन्होंने सभी जिला क्रिकेट संघों से मौजूदा पदाधिकारियों की लिस्ट मांगी है। इसमें उन्होंने बताया है कि मौजूदा एडहॉक कमेटी द्वारा ऋष्ट के चुनाव करवाए जाना प्रस्तावित है। ऐसे में आपके जिले के आखरी चुनाव संबंधित डॉक्युमेंट सहित 30 अप्रैल तक जमा करवाए। इसके बाद से उम्मीद जताई जा रही है कि मौजूदा एडहॉक कमेटी राजस्थान में इंडियन प्रीमियर लीग के आयोजन खत्म होने के साथ ही प्रदेश में ऋष्ट की चुनाव प्रक्रिया को शुरू कर सकती है। दरअसल, सरकार ने मौजूदा एडहॉक कमेटी के कार्यकाल को बीते दिन एक बार फिर से बढ़ा दिया था। लेकिन उसके बाद खेल परिषद ने क्रिकेट गतिविधियों के संचालन लिए एक विशेष कमेटी का गठन किया है। इसमें सिर्फ पूर्व क्रिकेटर ही शामिल हैं। वहीं इंडियन प्रीमियर लीग में भी ऋष्ट पधाधिकारियों को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है। एडहॉक कमेटी और किसी भी जिला क्रिकेट संघ को पास नहीं भेजे गए थे। उसके बाद से ही बिहाणी ने खेल परिषद के खिलाफ मोर्चा खोल चुनावी तैयारी शुरू कर दी है।

### आरसीएम पधाधिकारियों की दौड़ में यह नेता पुत्र

राजस्थान सरकार के हेल्थ मिनिस्टर गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे धनंजय सिंह नागौर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष हैं। धनंजय आरसीए अध्यक्ष पद की दौड़ में सबसे आगे माने जा रहे हैं। एक साल पहले जिला संघों द्वारा कार्यकारी अध्यक्ष भी बनाया गया था। हालांकि उसके बाद तत्कालीन कार्यकारणी को भंग कर एडहॉक कमेटी का गठन किया गया था। उनके साथ ही मंत्री ओटाराम देवासी के पुत्र विक्रम देवासी भी सिरोही जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष हैं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के बेटे पराक्रम सिंह राठौड़ चूरू जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष हैं। राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी के पुत्र आशीष तिवाड़ी सीकर जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष हैं। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के बेटे पवन दिलावर बारां जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष हैं। पूर्व मंत्री और विधायक जसवंत यादव के बेटे मोहित यादव अलवर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष हैं। जो न सिर्फ ऋष्ट अध्यक्ष बल्कि, सचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए लॉबिंग में जुटे है। जबकि कुछ ऋष्ट के जरिए BCCI में एंट्री की जुगत में जुटे हैं।

## महिला ने नाबालिग का यौन-शोषण किया, 20 साल की मिली सजा



**बूंदी**

बूंदी पॉक्सो कोर्ट ने 15 साल के लड़के का यौन शोषण करने के मामले में महिला को दोषी माना। कोर्ट ने महिला को 20 साल सजा सुनाई। साथ ही 45 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। 19 अप्रैल को पॉक्सो कोर्ट के जज सलीम बदर ने फैसला सुनाया। कोर्ट में 17 गवाह और 37 दस्तावेज पेश किए गए। मामला अगस्त 2023 का है। बूंदी पॉक्सो कोर्ट के विशिष्ट लोक अभियोजक मुकेश जोशी ने बताया कि 7 नवंबर 2023 को बूंदी पुलिस को किशोर न्याय बोर्ड के जरिए एक परिवाद मिला था। परिवाद में महिला ने बताया था कि उसके बेटे के साथ देईखेड़ा निवासी 40 साल की महिला ने जबरन शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी महिला उसके बेटे को जयपुर ले गई। उसके बेटे को शराब पिलाई और शारीरिक शोषण किया। पुलिस ने नाबालिग को जयपुर से बरामद कर मामले की जांच शुरू की थी।

## 8 महीने से फरार साइबर ठग पकड़ा, पुलिस को बार-बार दे रहा था चकमा



**भरतपुर**

डीग जिले की कामां थाना पुलिस ने एक फरार साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपी के दो साथी 8 महीने पहले ही गिरफ्तार कर लिए थे, लेकिन शैकुल नाम का आरोपी पुलिस को चकमा दे रहा था। मुखबिर की सूचना के आधार पर उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया है। कामां थाना अधिकारी अनिल गौतम ने बताया कि नाहर सिंह स्द्ध ने एक रिपोर्ट देते हुए बताया था कि वह मुखबिर की सूचना पर टायरा के जंगल में पुलिस जाब्ते के साथ पहुंचे। जहां दो व्यक्ति खड़े हुए दिखाई दिए। पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर दोनों युवकों को पकड़ लिया। जब दोनों लोगों के मोबाइल चेक किये तो, उसमें पूजा शर्मा के नाम से सोशल मीडिया आईडी बनी हुई थी। उसकी प्रोफाइल पर एक महिला की अश्लील फोटो लगी हुई थी। मोबाइल में अश्लील वीडियो भी मौजूद थे। गाड़ियों के फोटो और पुलिस के अधिकारियों के वीडियो और फोटो मौजूद थे। पूछताछ में दोनों व्यक्तियों ने बताया कि वह महंगे वाहनों को सस्ते दामों में बेचने का विज्ञापन सोशल मीडिया पर डालते हैं और, जो लोग उनसे संपर्क करते हैं। वह उन्हें झांसे में लेकर ठगी कर लेते हैं। इन वारदातों को अंजाम देने में उनका एक साथी शैकुल निवासी टायरा भी साथ देता है। तब से पुलिस शैकुल की तलाश कर रही थी। कल मुखबिर की सूचना के आधार पर शैकुल को गिरफ्तार किया गया। फिलहाल शैकुल से पूछताछ जारी है।

## सड़क पर अवैध बोरवेल खुदाई का मामला, डूंगरपुर की आरएनटी कॉलोनी में बिना अनुमति बोरवेल



**डूंगरपुर**

डूंगरपुर की आरएनटी कॉलोनी में बिना अनुमति खोदे गए बोरवेल को प्रशासन ने दिए बंद करने के आदेश। डूंगरपुर के आरएनटी कॉलोनी में एक व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक सड़क पर अवैध बोरवेल खुदाई का मामला सामने आया है। अमृतलाल कलाल नाम के व्यक्ति ने अपने घर के सामने सड़क पर बिना किसी अनुमति के बोरवेल खुदवा दिया। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद जिला प्रशासन और नगर परिषद की टीम मौके पर पहुंची। नगरपरिषद के कार्यवाहक आयुक्त और डूंगरपुर एसडीएम ने स्थिति का जायजा लिया। जांच में पाया गया कि अमृतलाल के पास बोरवेल खुदाई की कोई वैध अनुमति नहीं थी। अमृतलाल का कहना है कि बोरवेल में अभी तक पानी नहीं मिला है। एसडीएम ने उन्हें सड़क पर खुदे बोरवेल को तुरंत बंद करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आदेश का पालन न करने पर कार्रवाई की जाएगी। यह मामला शहर में बढ़ती अवैध बोरवेल खुदाई की समस्या को उजागर करता है। कई स्थानों पर बिना अनुमति के सड़कों पर बोरवेल खोदे जा रहे हैं, जो नियमों का खुला उल्लंघन है।

## ऑनलाइन एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर करते थे ठगी

**बांसवाड़ा**

ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर फर्जी विज्ञापन देकर एस्कॉर्ट सर्विस (कॉल गर्ल) उपलब्ध कराने के नाम पर ठगी करने के दो शातिर आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 13 सिम कार्ड, 5 एटीएम कार्ड, 5 मोबाइल व 11 हजार रुपए नगद जब्त किए हैं। कोतवाली सीआई देवीलाल ने बताया कि एसपी के सुपरविजन में साइबर थाना बांसवाड़ा एवं थाना मोटागांव की टीम द्वारा साइबर अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही कर दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया। साइबर पोर्टल पर शिकायत के आधार पर सूचना संकलित कर सतीश पाटीदार पुत्र परती पाटीदार एवं मिथुन पुत्र प्रेमदास वैष्णव निवासी कराणा थाना मोटागांव को जांच के लिए साइबर थाने पर लाया गया। तकनीकी एवं मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर बताया कि इन्टरनेट पर उपलब्ध एक वेबसाइट पर होटल में एस्कॉर्ट सर्विस उपलब्ध कराने के नाम पर सुन्दर लड़कियों के फोटो अपलोड कर फर्जी विज्ञापन जारी कर उस पर फर्जी वॉट्सऐप नम्बर दिखाकर ठगी करते थे।

# बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष बोले-डोटासरा घर संभाले, ताक-झांक करना अच्छी आदत नहीं, नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया, राहुल और वाड्रा जेल जाएंगे

**पाली**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा- डोटासरा पहले अपनी पार्टी तो संभाल लें। मेरी पार्टी का मैं सत्यानाश कर रहा हूं, या कुछ और कर रहा हूं, यह मेरी चिंता है। वे इसकी चिंता क्यों कर रहे हैं। राठौड़ ने कहा- डोटासरा अपना घर संभाले, दूसरे के घर में ताक-झांक करना अच्छी आदत नहीं है, यह उन्हें समझा दें। रही बात नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की, तो वे भी अपनी पार्टी और नेताओं की सोचें। भाजपा के बारे में सोचने के लिए हम बैठे हैं। दरअसल, मदन राठौड़ ने रविवार को पाली में अपने आवास पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों से मुलाकात की। इस दौरान मीडिया से बातचीत में कांग्रेस पर भी गंभीर आरोप लगाए। बता दें कि बीते दिनों डोटासरा ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को लेकर तंज कसा था। उन्होंने कहा था कि वे (मदन राठौड़) किसी को छूटा सांड कहते हैं तो कभी महिला को एक्सपोर्ट क्वालिटी कहते हैं। बाद में माफी मांगने की बजाय सफाई देते है। जबकि उन्हें तुरंत देश की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। ऐसा ही चलता रहा तो वे भाजपा का राजस्थान में सत्यानाश कर देंगे।



### 50 लाख में करीब 500 करोड़ की संपत्ति हड़पने का आरोप

राठौड़ ने कहा- नेशनल हेराल्ड केस में यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी, सांसद राहुल गांधी और राबर्ट वाड्रा जेल जाएंगे। उन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग की। कांग्रेस शासन के समय सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज हुआ था। वे फिलहाल जमानत पर है और जेल जाएंगे। क्योंकि अखबार के नाम पर करोड़ों की जमीन लाखों में ली और अब उसका दूसरा उपयोग किया जा रहा है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने भ्रष्टाचार किया है। जमीन अखबार के लिए मिली थी, जिसका बेचान नहीं हो सकता और इन्होंने बेचान कर दिया। 38-38 प्रतिशत शेयर राहुल गांधी और सोनिया गांधी के पास है, बाकी शेयर अन्य के पास है। वास्तव में यह संपत्ति सरकारी या समाचार पत्र के लिए होनी चाहिए। राठौड़ ने कहा- उन्होंने 50 लाख में करीब 500 करोड़ की संपत्ति हड़पने का काम किया है। इस मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, रॉबर्ट वाड्रा फिलहाल जमानत पर है। वे जांच के बाद जेल जाएंगे। हालांकि इस मामले में मुकदमा हमने (भाजपा) दर्ज नहीं करवाया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ है, वह भी कांग्रेस शासन काल में। इससे भाजपा का कोई लेना-देना नहीं है।

### भाजपा को नहीं चाहिए वक्फ बोर्ड की संपत्ति

राठौड़ ने कहा- वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन मुसलमानों के हित में है। इससे गरीब तबके के मुसलमानों को फायदा होगा। भाजपा को वक्फ बोर्ड की संपत्ति नहीं चाहिए। वक्फ की संपत्ति से जितनी आय होनी चाहिए, उससे काफी कम बताई जा रही है। उन्होंने कहा- यह कानून ठीक बना है। मैनेजमेंट में कोई गैर मुस्लिम नहीं है। हालांकि मैनेजमेंट में कोई लापरवाही होती है, तो उसकी निगरानी के लिए दो गैर मुस्लिमों को लिया गया है। पता नहीं, उनको क्यों डर लगता है। कोई विवादित मैटर होता है तो पहले उनके स्तर पर ही सुनवाई होती थी। अब इसमें संशोधन होने के बाद सुनवाई कोर्ट में होगी। अब कोई अपीलकर्ता कोर्ट में अपील करता है तो।

## महिला का गला काटा,पैर काटकर चांदी के कड़े ले गए, कुंड में फेंके दोनों पैर

**गंगापुर सिटी**

गंगापुर सिटी में बदमाशों ने महिला का गला काटकर हत्या कर दी। बदमाश महिला के पैरों को काटकर करीब डेढ़ किलो चांदी के कड़े भी ले गए। महिला के दोनों पैर पास में ही कुंड में फेंक गए। घटना बामनवास उपखंड के जाहिरा गांव में रविवार सुबह की है। महिला की हत्या से गुस्साए लोगों ने शव को बामनवास-गढ़मोरा मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया। बामनवास थानाधिकारी राकेश कुमार शर्मा ने बताया- उर्मिला देवी (50) पत्नी मौसरिया मीणा रविवार सुबह 7 बजे जंगल में लकड़ियां लेने गई थीं। करीब 4 घंटे बाद सुबह 11 बजे तक भी जब वह घर नहीं लौटी तो परिवार के सदस्यों को चिंता हुई। परिवार के सदस्य उन्हें खोजने के लिए निकले। ढूंढते-ढूंढते जब वे जंगल के पास एक खेत में पहुंचे, तो उन्हें महिला का शव पड़ा मिला। महिला के गले पर गहरा घाव था। दोनों पैर गायब थे। पैरों में पहने हुए कड़े भी गायब मिले। थानाधिकारी ने बताया कि महिला के भतीजे महेंद्र और परिजनों ने आस-पास जब खोजबीन की तो पास में ही कुंड में महिला के पैर पड़े हुए मिले। घटना का पता चलने पर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने बामनवास-गढ़मोरा मार्ग पर शव को रखकर जाम लगा दिया। नारेबाजी कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीण महिला के परिवार के एक सदस्य को सरकारी



नौकरी और एक करोड़ रुपए का मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। आरोपियों को 24 घंटे में गिरफ्तार करने और महिला का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराने की भी मांग है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी और उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती है, तब तक पोस्टमॉर्टम नहीं कराया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीलकमल, गंगापुर सिटी पुलिस उपाधीक्षक संतराम, बामनवास पुलिस उपाधीक्षक सीताराम, बाटोदा और बामनवास थानाधिकारी, बामनवास उपखंड अधिकारी और तहसीलदार मौके ग्रामीणों को समझाने में जुटे हैं।

## दादरी में राजस्थान के युवक का पोस्टमार्टम, वाटर टैंक में डूबने से हुई थी मौत

**चरखी दादरी**

चरखी दादरी में राजस्थान से आए युवक की मौत हो गई। शव का आज पोस्टमॉर्टम हुआ। दरअसल, भेड़-बकरियां चराने राजस्थान से आए 22 वर्षीय चरवाहे तौसीब की पैर फिसलने से वाटर टैंक में डूबकर दगडौली गांव में मौत हो गई थी। रविवार को मृतक के परिजन राजस्थान से दादरी सिविल अस्पताल पहुंचे, जहां शव का पोस्टमॉर्टम करवाया गया। झोझू कलां थाना पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर मामले में इत्तफाकिया मौत की कार्रवाई की है। तौसीब अपने तीन साथियों के साथ भेड़-बकरियां चराने के लिए राजस्थान के डिडवाना जिले से हरियाणा आया था। वे चरखी दादरी जिले के गांव दगड़ौली के खेतों में मवेशियों को चरा रहे थे। उसी दौरान शनिवार को वह और उसके साथी वहां बने वाटर रिचार्ज टैंक के पास कपड़े धो रहे थे। उसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह टैंक में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शनिवार शाम को चरखी दादरी सिविल अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया था। जहां आज शव का पोस्टमॉर्टम करवाया गया। सिविल अस्पताल पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि तौसीब तीन भाइयों में



सबसे छोटा था और वह अविवाहित था। उसके दो भाई सऊदी अरब में काम करते हैं। जबकि वह घर पर अपने माता-पिता के साथ रहता था। उसने करीब एक साल पहले ही भेड़-बकरियां पालनी शुरू की थी। वह एक महीने पहले ही राजस्थान से हरियाणा आया था और इस दौरान वह टैंक में डूब गया। शव का पोस्टमॉर्टम करवाने झोझू पुलिस थाना से सिविल अस्पताल पहुंचे। एएसआई सुनिल कुमार ने बताया कि मृतक के चाचा और ताऊ के लड़के के बयान दर्ज किए गए हैं। उनके बयानों के आधार पर पुलिस ने मामले में इत्तफाकिया मौत की कार्रवाई की है।

## बॉर्डर पार हेरोइन तस्करी का आरोपी गिरफ्तार, रावला क्षेत्र से बीएसएफ और पुलिस ने 3 किलो 32 ग्राम हेरोइन की थी बरामद

**श्री गंगानगर**




बॉर्डर पार से मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए श्रीगंगानगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस थाना नई मण्डी घड़साना और सीआईडी जोन श्रीगंगानगर की संयुक्त कार्रवाई में हेरोइन तस्करी के मामले में एक स्थानीय आरोपी अमनदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया है, जो पंजाब के तस्करों को सहयोग व शरण दे रहा था। उल्लेखनीय है कि 21 मार्च को भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के रावला क्षेत्र अंतर्गत रोही चक तीन केएनएम हेतराम के खेत से बीएसएफ और रावला पुलिस ने दो पैकेट में कुल 3 किलो 32 ग्राम हेरोइन बरामद की थी। मौके पर कोई संदिग्ध नहीं मिला था, जिसके आधार पर पुलिस थाना रावला में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र कुमार और वृत्ताधिकारी प्रशांत कौशिक के सुपरविजन में थाना अधिकारी महावीर प्रसाद के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी साधनों से जांच शुरू की। इसी बीच बीआई घड़साना के हेडकांस्टेबल शिशपाल को मुखबिर से सूचना मिली कि चक पांच बीडी बी ढाणी निवासी अमनदीप सिंह इस तस्करी में संलिप्त हो सकता है। सीआईडी और नई मण्डी पुलिस ने संयुक्त रूप से अमनदीप को राउंडअप कर पूछताछ की तो उसने बॉर्डर पार तस्करी में शामिल होना स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस टीम ने अथक प्रयास, फील्ड इंटेलिजेंस और तकनीकी संसाधनों की सहायता से आरोपी को पकड़ा। अब पुलिस आरोपी से पूछताछ कर बॉर्डर तस्करी के नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है।

## दलित लड़के पर कुकर्म के बाद पेशाब करने के मामले ने पकड़ा तूल, परिजनों ने लगाई न्याय की गुहार

**सीकर**

राजस्थान में जिले के फतेहपुर सदर थाना इलाके में एक दलित युवक का अपहरण कर उसके साथ दो बदमाशों के मारपीट करने और उसके गुप्तांगों पर लातें मारने, दुष्कर्म कर जाति सूचक गाली देकर उसके ऊपर पेशाब कर करने का मामला अब बढ़ता जा रहा है. इसको लेकर रविवार को पीड़ित के परिजनों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और कई सामाजिक संगठनों के लोग मामले में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सीकर एसपी भुवन भूषण यादव के आवास पहुंचे. जहां उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मिलकर मामले में न्याय की गुहार लगाई. एसपी यादव ने भी मामले की गंभीरता को देखते हुए मिलने आए प्रतिनिधि मंडल को 3 दिन में आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया. अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट अनिल तीड़दिया ने बताया कि फतेहपुर थाना इलाके के एक गांव में 19 वर्षीय दलित युवक अपने घर के पास एक शादी के कार्यक्रम में था. पीड़ित युवक जब बाहर निकाला तो दो युवक विकास जाट व राजेश जाट मिले. जिन्होंने पीड़ित युवक को पास में ही चलने की बात कहते हुए मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले गए और एक सुनसान जगह ले गए. जहां आरोपियों ने पीड़ित युवा के साथ लाठी डंडों से मारपीट की. दोनों आरोपी युवक शराब पिए हुए थे. जिन्होंने पीड़ित युवक के सिर में शराब की बोतल की भी मारी, जिसे पीड़ित युवक को गंभीर चोट लगी. प्रदेशाध्यक्ष ने आगे बताया कि आरोपियों ने पीड़ितों के जबरदस्ती कपड़े उतरवाए और उसके साथ कुकर्म किया. दोनों आरोपियों ने अमानवीय घटना को अंजाम देते हुए पीड़ित को यातनाएं दी और पीड़ित युवक के गुप्तांगो में लाठी डंडे और लातों से



मारपीट की. पीड़ित युवक को बेहोशी की हालत होने पर आरोपी पीड़ित युवक को मौके पर छोड़कर ऐलानिया धमकी देते हुए चले गए. आरोपियों ने जाते हुए पीड़ित युवक को धमकाया कि अगर किसी को भी घटना के बारे में बताया तो घटना का बनाया हुआ वीडियो वायरल कर देंगे, जिससे समाज में और गांव में बदनामी होगी. जिसके चलते पीड़ित युवक ने डर के मारे घर वालों को घटना के बारे में नहीं बताया. जब मामले की जानकारी परिजनों को मिली तो परिजनों ने 16 अप्रैल को सदर थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया. इसके बाद फतेहपुर डीवाईएसपी ने मामले में जांच शुरू की. मामले में पीड़ित युवक का मेडिकल और बयान भी हो चुके लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई. मामले में नामजद आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर आज पुलिस अधीक्षक से पीड़ित परिवार और सामाजिक संगठनों के लोग मिले है. सीकर पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव ने फतेहपुर डीवाईएसपी और जांच अधिकारी से मामले में तुरंत कार्रवाई को लेकर बातचीत की है. इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने 3 दिन में आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है.

# सज्जनगढ़ की पहाड़ियों में फिर लगी आग, बायोलॉजिकल पार्क की तरफ बढ़ रही लपटें, जानवरों-पर्यटकों में दहशत

**उदयपुर**

उदयपुर में सज्जनगढ़ की पहाड़ियों में रविवार को अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की शुरुआत बायोलॉजिकल पार्क के पास स्थित बम्बूसा रिसॉर्ट के पीछे जंगल क्षेत्र से हुई, जो कुछ ही देर में फैलकर पार्क की सीमा तक पहुंच गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि उन्होंने ईमू और बंदर के पिंजरे तक को चपेट में ले लिया, जिससे जानवरों में भारी दहशत फैल गई। कई जानवर पिंजरे के कोनों में सहमे नजर आए। जानकारी के मुताबिक, घटना के वक्त पार्क में मौजूद पर्यटकों में भगदड़ मच गई। लोग जान बचाने के लिए दौड़ते हुए पार्क से बाहर निकले। गनीमत रही कि समय रहते पार्क प्रशासन ने सभी पर्यटकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सूचना मिलते ही वन विभाग ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल



रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जानवरों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया और आग को नियंत्रित करने के लिए घेराबंदी की। इसके साथ ही फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची और कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। एहतियातन बायोलॉजिकल पार्क को अस्थाई रूप से आम पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। पार्क प्रशासन का कहना है कि जब तक आग पूरी तरह से बुझ नहीं जाती और जानवरों को सुरक्षित माहौल नहीं मिल जाता, तब तक पार्क में प्रवेश पर रोक रहेगी। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। लेकिन शुरुआती जांच में तेज गर्मी, सूखी पत्तियां और किसी मानवीय असावधानी को संभावित वजह माना जा रहा है। वन विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीएम को नीतियां समझाने का मिलेगा स्वर्णिम मौका

# संसद में प्रधानमंत्री प्रश्नकाल शुरू करें, साल में 100 दिन सदन भी चलाया जाए

## पूर्व अतिरिक्त सचिव देवेंद्र की किताब 'द इंडियन पार्लियामेंटः संविधान सदन टू संसद भवन' में सुझाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद की कार्यवाही को लेकर एक नई किताब सामने आई है। इस किताब में सुझाव दिया गया है कि संसद में बहस के प्रारूप में व्यापक बदलाव और नवाचार की जरूरत है।



लोकसभा सचिवालय में पूर्व अतिरिक्त सचिव रहे देवेंद्र सिंह द्वारा लिखित किताब 'द इंडियन पार्लियामेंटः संविधान सदन टू संसद भवन' में बताया गया है कि प्रधानमंत्री के प्रश्नकाल की शुरुआत से भारतीय संसदीय इतिहास में एक नए युग की शुरुआत होगी। इसमें कहा गया है कि सप्ताह में एक बार प्रधानमंत्री के प्रश्नकाल की शुरुआत से संसद सदस्यों को अहम मुद्दे उठाने का मौका मिलेगा और प्रधानमंत्री को सरकार की नीतियों को समझाने और आलोचनाओं का सीधे जवाब देने का मौका मिलेगा।

**बार-बार कार्यवाही बाधित करने की प्रवृत्ति रुकेगी**

*सप्ताह में एक बार प्रधानमंत्री के प्रश्नकाल की शुरुआत से संसद सदस्यों को अहम मुद्दे उठाने को अवसर मिलेगा*



### कार्यवाही और प्रक्रिया में बदलाव होना जरूरी

किताब में कहा गया है कि संसद की कार्यवाही के बारे में जनता के मन में निराशा और अविश्वास कुछ सदस्यों के अनुचित दिखावे और लगातार अवरोध पैदा करने और अनैतिक आचरण का परिणाम है। संसद की कार्यवाही और प्रक्रिया के प्रारूप में बदलाव करने और नवाचार करने की जरूरत है। संसद की कार्यवाही में ज्यादा से ज्यादा लोगों को शामिल करने लिए किताब में साइबर इंटरफेस की भी मांग की गई है। बहस और चर्चा के सर्वोच्च मंच के रूप में, संसद को साल में कम से कम 100 दिन मिलना चाहिए और मजबूती से काम करना चाहिए।

**समस्याओं के समाधान पर होगा फेकसः** नेताओं की बार-बार की जाने वाली बयानबाजी के बजाय लोगों की आकांक्षाओं को संसद में पेश करने और समस्याओं के समाधान पर फोकस करने की जरूरत है। साल में कम से कम 100 दिन संसद की कार्यवाही चलाने और जवाबदेह बनाने के लिए प्रधानमंत्री प्रश्नकाल शुरू करने का भी सुझाव दिया गया है।

### विपक्ष को मिलेगा सीधा जवाब साइबर इंटरफेस भी बनाएं

प्रधानमंत्री के प्रश्नकाल की शुरुआत और इसका प्रभावी इस्तेमाल विपक्ष के आरोपों का जवाब देने, खीझे हुए लोगों को शांत करने और कार्यवाही को बार-बार बाधित करने या उसे प्रभावित करने की प्रवृत्ति को रोकने में काफी मददगार हो सकता है। पुस्तक में सुझाव दिया गया है कि संसद को अधिक सम-सामयिक स्वरूप प्रदान करने और उसे बहस एवं जवाबदेही के अधिक प्रभावी मंच के रूप में उभारने के लिए, संसद की कार्यप्रणाली और प्रक्रियाओं में नवीनता लाना जरूरी है। पुस्तक में संसद के कामकाज से अधिक से अधिक लोगों को रूबरू कराने के लिए साइबर इंटरफेस बनाने का भी आह्वान किया गया है।

---

## खबर संक्षेप

### बेटे की शादी में नाच रहे पिता की अचानक मौत



**भराड़ी।** उपतहसील भराड़ी की पंतेहड़ा पंचायत के पट्टा रणौतां गांव में एक शादी की खुशियां मातम में बदल गई। शुक्रवार शाम को पट्टा रणोतां गांव के निवासी जगत राम के बड़े बेटे की शादी समारोह धूमधाम से चल रहा था। वहां पर डीजे की धुन पर लोग नाच-गा रहे थे। शनिवार तड़के बारात रवाना होने से पहले पिता जगतराम की मौत हो गई।

### करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की हत्या



**जमशेदपुर।** मानगो के बालीगुमा में रविवार रात करणी सेना के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर मिनी पंजाब होटल के पास गली में अपराधियों ने उन पर हमला किया। गोली सिर में लगने से उनकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### अनुराग कश्यप अपना ज्ञान बढ़ाएंः मनोज



**मुंबई।** गीतकार-लेखक मनोज मुंतशिर ने अनुराग कश्यप के ब्राह्मणों पर पेशाब करने वाले बयान पर रिएक्ट किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में मनोज ने अनुराग को कड़ी चेतावनी देते हुए उन्हें अपने सीमित ज्ञान के कारण सावधानी से शब्दों का चयन करने की सलाह दी है। वे सीमा में रहें।

### खड़े इंडिगो विमान से टकराया टेंपो ट्रैवलर



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु एयरपोर्ट में शुक्रवार को एक टेंपो ट्रैवलर ने एक इंडिगो विमान को टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रैवलर के चालक को मामूली चोटें आईं हैं। इंडिगो के बयान में कहा गया है कि चालक की लापरवाही के कारण टेंपो ट्रैवलर विमान से टकराया और मामले की जांच की जा रही है।

---

## मुर्शिदाबाद हिंसा के खिलाफ भाजपा ने बंगाल सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

# शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज का आदेश किसने दिया? जवाबदेही तय हो

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मजूमदार ने ममता सरकार पर निशाना साधा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर सियासत जारी है। मुर्शिदाबाद हिंसा समेत अन्य मुद्दों को लेकर केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के नेतृत्व में बालुरघाट में विरोध मार्च निकाला गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने ममता बेनर्जी सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज हमारे कार्यकर्ता शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने हम पर लाठीचार्ज किया। मैं पूछना चाहता हूं कि पुलिस को किसने लाठीचार्ज करने का ऑर्डर दिया और जो भी इसका जिम्मेदार है, उसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। मुझे लगता है कि पुलिस का लाठीचार्ज प्री-प्लान था। कई कार्यकर्ताओं को चोटें भी आई हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हिंदुओं को अपनी रक्षा करने की जरूरत

बालुरघाट में विरोध मार्च निकाला



### बंगाल में प्रेसिडेंट रूल के तहत चुनाव हों

उन्होंने कहा कि बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग करना राजनीतिक विषय है, लेकिन हमने मांग की है कि जहां 50 फीसदी से कम हिंदुओं की आबादी है, वहां ये लोग वोट नहीं डालने देंगे। प्रेसिडेंट रूल के तहत चुनाव होना चाहिए, सब लोगों को वोट डालने का अधिकार मिलना चाहिए।

### सनातन धर्म के लोग एक साथ रहें तो हार नहीं सकते

भाजपा नेता अर्जुन सिंह ने मुर्शिदाबाद हिंसा को लेकर टीएमसी सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हिंदुओं को अपनी रक्षा करने की जरूरत है। अगर हिंदुओं में एकता और जागरूकता आ जाए तो मुसलमान उनसे (हिंदुओं) कभी नहीं लड़ सकते। हिंदू एक ऐसी कम्युनिटी है, जिसने 800 वर्षों तक गुलामी झेलने के बाद भी भारत वर्ष में सनातन को जिंदा रखा है। अगर सनातन धर्म के लोग एक साथ रहें तो इस लड़ाई में कभी नहीं हार सकते।

### हिंदुओं को बचाना आज समय की मांग

उन्होंने कहा कि बंगाल में बोलने से तो राष्ट्रपति शासन नहीं लगेगा, जिस तरह से मुस्लिम अत्याचार कर रहे हैं और सरकार मिलकर साथ दे रही है, उनके खिलाफ आवाज उठानी होगी, तभी राष्ट्रपति शासन लागू होगा। नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने मीडिया से कहा कि आज हम हिंदू बचाओ रैली निकाल रहे हैं। हिंदुओं को बचाना है और ममता बेनर्जी को भगाना है।

**बंगाल की आग पर फारूक का केंद्र पर वार**

### नफरत को बताया हिंसा की वजह

जम्मू से नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर केंद्र सरकार और प्रशासन पर जोरदार हमला बोला है।



उन्होंने आरोप लगाया कि जान-बूझकर हिंदू और मुसलमानों के बीच नफरत पैदा की जा रही है, जिसकी वजह से यह नफरत अब हिंसा में बदल रही है। फारूक ने कहा कि मुर्शिदाबाद में जो हुआ वह सिर्फ नफरत का नतीजा है। वहां बुलडोजर चलाए गए। मस्जिदें गिरा दी गईं।

### मुर्शिदाबाद में पिता-पुत्र की हत्या के मुख्य आरोपियों में से एक गिरफ्तार



मुर्शिदाबाद जिले में एक व्यक्ति और उसके बेटे की हत्या के मुख्य आरोपियों में से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि शमशेरगंज के जाफराबाद में दो लोगों की हत्या के मामले में यह चौथी गिरफ्तारी है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान जाफराबाद के पड़ोसी गांव सुलिताला पुरबापारा निवासी जियाउल शेख के रूप में हुई है।

**वक्फ पर बनाया 'बत्ती गुल' प्लान**

### लगातार प्रदर्शन करेंगेः पर्सनल लॉ बोर्ड

वक्फ कानून को लेकर कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं। साथ ही इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट में भी सुनवाई



चल रही है। अब हैदराबाद में रविवार को ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने एक महासभा आयोजित की, जिसे एआईएमआईएम का समर्थन मिला। इस महासभा में लगातार विरोध प्रदर्शन की घोषणा की गई। इस दौरान ये भी घोषणा की गई है कि 30 अप्रैल को ब्लैकआउट विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें रात 9 बजे घरों की सभी लाइटें बंद रहेंगी।

---

**रेखा ने लागू किया केंद्र जैसा मॉडल**

# एक मंत्री 7 विधायक, 8 लोगों की टीम गठित की



**यह टीम विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में विकास का रखेगी पूरा लेखा-जोखा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में तेजी से विकास के लिए रेखा गुप्ता सरकार ने पीएम मोदी वाला मॉडल लागू कर दिया है। केंद्र की मोदी सरकार की सांसद आदर्श ग्राम योजना की तर्ज पर दिल्ली सरकार ने भी अपने सभी मंत्रियों को 7-7 विधायकों की जिम्मेदारी सौंपी है। हर एक मंत्री के साथ 7 विधायक लगाए गए हैं। 8 लोगों की यह टीम उन 7 विदानसभा सीटों पर योजना के तहत काम करेगी। यह तय करेगी डेवपमेंट की योजनाएं फाइलों में न अटके। तेजी से उसे जमीन पर उतारा जाए। हर हफ्ते इसकी मीटिंग होगी। जिन मंत्रियों को विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई है, उन्होंने एक वॉट्सएप ग्रुप भी बनाया है। इस ग्रुप में सरकारी योजनाओं की जानकारी शेयर की जाती है। यह सुनिश्चित किया जाता है कि जो भी फैसले सरकार ले रही है, उसकी जानकारी नीचे तक पहुंचे, ताकि लोगों तक उसे पहुंचा जा सके। इसी के माध्यम से विधायक अपनी रिपोर्ट भी देंगे, जिसे सीएम तक पहुंचाया जाएगा। तुरंत काम करने के लिए सरकार ने यह कोशिश शुरू की है।

### अब नहीं होगी पानी की चोरी आ गए जीपीएस

दिल्ली में पानी की चोरी और धांधली रोकने के लिए जीपीएस वाले टैंकरों की शुरुआत हो रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली में 1000 से अधिक नए पानी के टैंकरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन पानी के टैंकरों में जीपीएस लगा होगा। जिससे इनपर नजर रखी जा सकेगी। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने बुरारी के डीडीए मैदान में 1,111 जीपीएस युक्त पानी के टैंकरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### 'दिल्ली को युधिष्ठिर की राजधानी बनाएंगे



दिल्ली के लोक निर्माण विभाग एवं जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि हम दिल्ली को लंदन पेरिस बनाने का दावा नहीं करते हैं। हम देश की राजधानी दिल्ली को युधिष्ठिर की राजधानी जैसी थी, वैसी बनाने का वादा करते हैं। दिल्ली सरकार द्वारा 1111 जीपीएस सिस्टम से लैस पानी के टैंकरों को रविवार को बुराड़ी स्थित संत निरंकारी मैदान से रवाना करते हुए मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि आज जो आप देख रहे हैं, वह हमारी सरकार के सुशासन और पारदर्शिता मॉडल का परिणाम है।

---

**जयपुर में एसीबी की बड़ी कार्रवाई**

# सुपरिटेंडेंट इंजीनियर के 6 जिलों में स्थित ठिकानों पर की छापेमारी

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के सुपरिटेंडेंट इंजीनियर अशोक जांगिड़ के जयपुर सहित 6 जिलों में स्थित ठिकानों पर छापेमारी की। रविवार अल सुबह टीमें प्रदेश के अलग-अलग शहरों में पहुंची। आय से अधिक संपत्ति के मामले में यह कार्रवाई हुई है। अशोक की फिलहाल बांसवाड़ा में तैनाती है। जांगिड़ के जयपुर शहर, कोटपूतली, मौजमाबाद, उदयपुर, अजमेर, टोंक के विभिन्न ठिकानों



के साथ पीएचईडी कार्यालय बांसवाडा, खनिज कार्यालय उदयपुर, टोंक, अजमेर, जयपुर व उप पंजीयक कार्यालय पावटा, मौजमाबाद में दो टीमें सर्च में लगी हैं। उनके स्वयं के नाम 19, पत्नी सुनिता के नाम 3 परिसंपत्तियां, पुत्र निखिल के नाम 32 परिसंपत्तियां हैं।

**कानून मंत्रालय ने कहा**

# केंद्र से जुड़े मुकदमों को कम करने के लिए खास कदम उठाए गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कानून मंत्रालय ने कहा है कि जनहित में लिए गए फैसलों को अगर ठीक से लागू नहीं किया जाए, तो इससे लोगों को अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ सकता है। इससे केंद्र सरकार पर कानूनी बोझ बढ़ता है। मंत्रालय ने सरकार से जुड़े मुकदमों की संख्या को कम करने के लिए खास कदम उठाए हैं। अदालतों में करीब सात लाख मामलों में केंद्र सरकार एक पक्ष है। अकेले वित्त मंत्रालय ही लगभग 1.9 लाख मामलों में पक्षकार है। ये



जानकारी कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने फरवरी महीने में राज्यसभा में दी थी। कानून मंत्रालय के अनुसार अस्पष्ट आदेश लोगों को परेशान करते हैं। इससे या तो लाभार्थियों को लाभ नहीं मिलता। इसके साथ ही कानूनी प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा।

*खरगे ने बक्सर में 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली को संबोधित किया*

# नीतीश कभी हमारी गोद में आकर बैठ जाते हैं तो कुर्सी के लिए वे मोदी के साथ हो जाते

एजेंसी ▶▶ बक्सर



■ भाजपा, जेडीयू पर साधा निशाना

बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होंगे। रविवार को कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार के बक्सर के दलसागर स्टेडियम में 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली में उन्होंने नीतीश कुमार और भाजपा के गठबंधन को मौकापरस्त बताया। कुर्सी के लिए नीतीश कभी कांग्रेस की गोद में आते हैं तो कभी भाजपा में जाते हैं।

### एनडीए सरकार इस बार जानी चाहिए

खरगे ने कहा कि नीतीश सिर्फ कुर्शी के लिए बार-बार पाला बदलते हैं। नीतीश ने उससे गठबंधन किया, जिसने महात्मा गांधी की हत्या की थी। पीएम मोदी झूठ की फैक्ट्री चला रहे हैं। बिहार में एनडीए सरकार इस बार जानी चाहिए।

**गांधी परिवार किसी के सामने नहीं झुकेगा**

खरगे ने कहा कि भाजपा हमें दुश्मन मानते हैं। उसने राहुल, सोनिया और रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ जांच शुरू की है, यह हमें खत्म करने के लिए है। गांधी परिवार किसी के सामने झुकने वाला नहीं है।

**लोगों से ज्यादा खाली कुर्सी दिखीं :** खरगे की बिहार में भारी फजीहत हुई। सभा में लोगों से ज्यादा खाली कुर्सी दिखाई दी। जनसभा से भीड़ पूरी तरह से गायब थी। खरगे सभा को संबोधित कर रहे थे और कुर्सियां खाली पड़ी हुई थीं।

---

**2 हाईकोर्ट में सुनवाई- एक ने कार्यवाही पर उठाए सवाल तो दूसरे ने की अहम टिप्पणी**

# सिडको को फटकारा, महाराष्ट्र में कानून का शासन है या बाहुबल का


एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने नवी मुंबई में एक प्लॉट पर अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रहने पर सरकार की नगर नियोजन एजेंसी सिडको को फटकार लगाई है। कोर्ट ने इस दौरान पूछा कि राज्य में कानून का शासन है या बाहुबल का।

जस्टिस एएस गडकरी और जस्टिस कमल की बेंच ने इस महीने की शुरुआत में पारित आदेश में कहा कि नगर और औद्योगिक विकास निगम (सिडको) के अधिकारी अवैध निर्माण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं करना चाहते। सिडको ने अदालत को बताया कि जब उन्होंने अवैध ढांचों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करने की कोशिश की तो बोकाडवीरा गांव के सरपंच ने उन्हें धमकी दी।

*जस्टिस गडकरी और जस्टिस कमल की बेंच ने कहा- कड़ी कार्रवाई की जाए*

### कानून का राज स्थापित करना जरूरी



बेंच ने कहा कि अधिकारी कर्तव्यों का निर्वहन करते समय पर्याप्त पुलिस सुरक्षा पाने के हकदार हैं और अवैधताओं को रोकना और कानून का शासन स्थापित करना प्राधिकारियों का कर्तव्य है। हाईकोर्ट ने कहा कि हम यह समझने में असफल हैं कि क्या हम ऐसे राज्य में रहते हैं जहां कानून का शासन है या बाहुबल का शासन है। कोर्ट ने कहा कि बोकाडवीरा गांव के सरपंच की ओर से दी गई धमकियों को लोकतांत्रिक देश में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता, क्योंकि सिडको अधिकारी अपने वैध कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं।

**कर्नाटक हाई कोर्ट के जज दीक्षित ने तारीख मांगने पर कहा**

### हिमालय भी भेजा गया तो मैं वहां भी जाऊंगा

**बेंगलुरू।** कर्नाटक हाई कोर्ट के जज कृष्ण दीक्षित ने 17 अप्रैल को एक मामले की सुनवाई करते हुए अपने ट्रांसफर की अफवाह पर




टिप्पणी की। दीक्षित ने यह टिप्पणी तब की, जब उनके समक्ष वकील ने एक मामले में तारीख मांगी, तो उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि अगले सप्ताह दोनों पक्षों को एक अच्छी बेंच मिल सकती है। उन्होंने इशारा किया कि हाई कोर्ट से उनके आसन्न स्थानांतरण के कारण मामला जल्द ही किसी अन्य बेंच के समक्ष सूचीबद्ध हो सकता है।

**हम कहीं भी काम करने को तैयार :** जज दीक्षित ने मुस्कराते हुए कहा कि अगले हफ़्ते वैसे भी आपको एक अच्छी बेंच भी मिल सकती है। वे कहीं भी काम करने के लिए तैयार हैं। जब कोई सैनिक कहीं तैनात होता है, तो उसका कर्तव्य है कि वह वहां जाए। अगर हिमालय में हाईकोर्ट की बेंच स्थापित की जाती है, तो मैं वहां भी जाऊंगा।

### ये शब्द न बोलें अधिवक्ता

वरिष्ठ अधिवक्ता पीएस राजगोपाल ने कहा कि मैं न्यायाधीश से अनुरोध करता हूं कि वे ये शब्द न बोलें। मैं बाहर कह रहा था, अगर हम विरोध करना नहीं सीखेंगे, तो हम नष्ट हो जाएंगे। न्यायमूर्ति रामचंद्र डी हुद्दार के साथ खंडपीठ में बैठे न्यायमूर्ति दीक्षित ने हंसते हुए कहा कि हम ऐसा नहीं करेंगे।

**देवबंद में धार्मिक स्थल के बाहर पथराव**

# 35 से 40 लोगों की भीड़ पहुंची 2 सेवादार घायल, हंगामा किया

एजेंसी ▶▶ देवबंद

यहां एक मंदिर के बाहर क्रिकेट खेल रहे बच्चों को मना करने पर पथराव हो गया, जिसमें मंदिर के दो सेवादार घायल हो गए। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने आकर हंगामा कर दिया। रामलीला मैदान स्थित श्री बालाजी धाम मंदिर के बाहर शनिवार शाम कुछ बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। एक गेंद मंदिर के अंदर चली गई। मंदिर के सेवादारों ने बाहर आकर बच्चों को यहां खेलने से मना किया। इसे लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद तनाव हो गया था। आरोप है कि देर रात करीब 11 बजे



35- 40 लोगों की भीड़ वहां आ गई। देखते ही देखते पथराव होने लगा। मंदिर के सेवादार विजय प्रजापति और अंश शर्मा घायल हो गए। विरोध में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने मंदिर प्रांगण में हंगामा किया। पुलिस ने बजरंग दल कार्यकर्ताओं को कार्रवाई करने का आश्वासन देकर मामला शांत कराया।

राजस्थान में दो दिन हीटवेव का अलर्ट

## चूरू रहा प्रदेश का सबसे गर्म शहर, 10 जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राजस्थान में लगातार दूसरे दिन रविवार को तापमान में गिरावट देखने को मिली। ऐसे में लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली। इधर, मौसम विभाग ने 23-24 अप्रैल को 5 जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक जैसलमेर, फलोदी, कोटा, बारां समेत कई शहरों में दूसरे दिन भी तापमान में भी 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हुई। जयपुर, सीकर, दौसा समेत कई शहरों में धूप में तेजी नहीं देखी गई। हल्के बादल भी रहे। 21, 22 अप्रैल को भी तेज गर्मी से राहत रहने की उम्मीद है। अगले 2-4 दिन तापमान में कोई बड़ा उतार-चढ़ाव देखने को नहीं मिलेगा। 23-24 अप्रैल को कुछ जिलों में हीटवेव चलने की आशंका है। आज राज्य में सबसे ज्यादा गर्मी चूरू में रही, जहां अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। कोटा में अधिकतम तापमान 42.1, टोंक में 41.9, श्रीगंगानगर में 41.2, अलवर में 40.6, पिलानी, धौलपुर में 41.7, बीकानेर में 40.4, फलोदी में 40.6 और बाड़मेर में 40.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। जयपुर में अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### 17 शहरों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज

17 शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे दर्ज हुआ। झुंझुनूं में 39.5, प्रतापगढ़ में 36.3, जालोर में 37.6, हनुमानगढ़ में 39, नागौर में 37.8, जोधपुर में 38.6, जैसलमेर में 39.5, पाली में 37.4, करौली में 39.1, फतेहपुर में 39.3, सिरोही में 35, डूंगरपुर में 37.3, बारां में 39.4, उदयपुर में 37.8,अजमेर में 38.3, भीलवाड़ा में 39.8 और सीकर में 39.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

टाउन हॉल और पुराना पुलिस मुख्यालय को सरकारी संपत्ति माना

## हाईकोर्ट ने कहा- इस मामले में सिविल न्यायालय सुनवाई ही नहीं कर सकता

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** हाईकोर्ट ने जयपुर के पुराने विधानसभा भवन (टाउन हॉल), पुराना पुलिस मुख्यालय, पुराना होमगार्ड महानिदेशालय की करीब ढाई हजार करोड़ रुपए की संपत्ति को सरकारी संपत्ति माना है। कोर्ट ने कहा- इस मामले पर कोई सिविल न्यायालय सुनवाई ही नहीं कर सकता है। जस्टिस अशोक कुमार जैन की अदालत ने राज्य सरकार की चार रिवीजन याचिकाओं को मंजूर करते हुए यह आदेश दिया। कोर्ट ने कहा- ये संपत्तियां वर्ष 1949 में जयपुर रियासत और भारत सरकार के बीच हुए समझौते का हिस्सा है, जिनका उपयोग सरकारी प्रयोजन के लिए किया जाना था और इस संदर्भ में कोई भी सिविल वाद संविधान के अनुच्छेद 363 के तहत कोर्ट की समीक्षा से बाहर है। यह सभी संपत्तियां वर्तमान में सरकार के कब्जे में हैं। अतिरिक्त महाधिवक्ता भरत व्यास ने कोर्ट से कहा- सरकार को यह संपत्ति कोवेनेंट से मिली है, न की लाइसेंस के जरिए। संविधान के अनुसार इन संपत्तियों के स्वामित्व को कोर्ट में चुनौती नहीं दी जा सकती है। कोवेनेंट में टाउन हॉल प्रशासनिक कार्य के लिए सरकार को दिया, न कि सिर्फ विधानसभा के लिए। कोवेनेंट के समय यहां विधानसभा अस्तित्व में नहीं थी। सरकार इनका कोई भी उपयोग करने के लिए स्वतंत्र है।

### संपत्तियां वापस लेने का था दावा

दावों में शहर की अधीनस्थ अदालत से आग्रह किया गया था कि चारों संपत्तियां पुनः दिलाई जाए और इनका मुआवजा दिलाया जाए। दावे में कहा गया था कि यह संपत्तियां सरकार को उसके उपयोग के लिए लाइसेंस पर दी गई थी और उसके रखरखाव की जिम्मेदारी भी सरकार की ही थी। जिस कार्य के लिए यह संपत्तियां दी गई थी, अब सरकार को उन कार्यों के लिए इनकी जरूरत नहीं रही है। उद्देश्य पूरा होने के कारण अब इन्हें वापस दिलाया जाए। सरकार ने एडीजे कोर्ट में लंबित दावे को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने फैसले में कहा कि संविधान के अंतर्गत कोवेनेंट में किए गए समझौते या संधि से उत्पन्न विवाद को कोर्ट में चुनौती नहीं दी जा सकती। राज्य सरकार को इनका उपयोग केवल सरकारी कार्यों के लिए करना चाहिए, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि इनका पुनः अधिकार या मुआवजा मांगा जा सकता है। कोर्ट ने कहा- यह संपत्तियां राज्य की है। किसी भी व्यक्तिगत लाभ या व्यावसायिक उपयोग के लिए हस्तांतरित नहीं की जा सकतीं।

चौमूं में युवाओं से संवाद करेंगे पूर्व मंत्री अशोक चांदना

## 27 अप्रैल को प्रेम पैलेस गार्डन में होगा कार्यक्रम, विधायक बराला ने किया पोस्टर का विमोचन




राजस्थान की राजनीति

**चौमूं।** चौमूं के मोरीजा रोड स्थित प्रेम पैलेस गार्डन में 27 अप्रैल को युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में राजस्थान के पूर्व मंत्री और विधायक अशोक चांदना मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। रविवार को चौमूं विधायक डॉ. शिखा मील बराला ने कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया। कार्यक्रम के आयोजक रामकिशोर सैनी ने बताया कि इस दौरान पूर्व मंत्री चांदना युवाओं से सीधा संवाद करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सभी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। पोस्टर विमोचन के मौके पर सभापति विष्णु सैनी, राजेश गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष गिरिराज देवंदा, साजिद पठान, कृष्णकांत जोशी, राकेश लाटा, महेश यादव, फिरोज नागौरी, पवन वर्मा, अभिषेक मोरदिया, सांवरमल सैनी, रवींद्र निठारवाल, प्रकाश यादव, शंकर यादव और मनीष सैनी सहित कांग्रेस के अन्य पार्षद, कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की समीक्षा बैठक, अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की हो सुनवाई, योजनाओं का समय पर मिले लाभ -केन्द्रीय मंत्री

गर्मी में टीम भावना व जिम्मेदारी से कार्य कर आमजन के लिए पेयजल व विद्युत आपूर्ति का हो उचित प्रबंधन - गजेन्द्र सिंह शेखावत

राजस्थान की राजनीति




**जयपुर।** केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में रविवार को फलौदी कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्रीय मंत्री द्वारा केंद्र सरकार व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं व विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन व अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की सुनवाई करते हुए योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। ग्रीष्म ऋतु व नहर बंदी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को आमजन के लिए पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विकास अधिकारियों व ग्राम विकास अधिकारियों से प्रत्येक गांव में ख़राब ट्यूबवेल व नलकूप की रिपोर्ट दो दिवस में मंगवाकर कंटीजेन्सी प्लान के तहत ख़राब ट्यूबवेल व नलकूप को दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हम सबकी जिम्मेदारी हैं गर्मी के मौसम में किसी भी व्यक्ति को मूलभूत सुविधाओं की परेशानी नहीं हो।

केन्द्रीय मंत्री ने जलदाय विभाग व पुलिस को संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध पेयजल कनेक्शन हटवाते हुए मुकदमा दर्ज करवाने के निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी व उप पुलिस अधीक्षक प्रभावी निगरानी रखते हुए अवैध कनेक्शन करने वालों के चालान काटना सुनिश्चित करें।

विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधीक्षण अभियंता को लंबित विद्युत कनेक्शन शीघ्र पूर्ण करने तथा कुसुम योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, पुनरुत्थान वितरण क्षेत्र योजना की समीक्षा करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। ग्रीष्म ऋतु में अनावश्यक विद्युत कटौती नहीं करने तथा आमजन की परिवेदनाओं का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत डॉक्टर व अधीनस्थ कार्मिकों की जानकारी लेते हुए उन्होंने जिला कलक्टर को पीएचसी व सीएचसी में रिक्त पदों पर प्रशासनिक दृष्टिकोण से ड्यूटी निर्धारित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाएं जांचने व कमियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने एम्बुलेंस की स्थिति, संस्थागत प्रसव,दवाइयों की उपलब्धता, ग्रीष्म ऋतु व तापघात से बचाव की तैयारियों आदि की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार सार्वजनिक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधीक्षण अभियंता को डीएलपी समयावधि वाली सड़को को दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, अटल प्रगति पथ,सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना सहित अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। नए जिले के रूप में मजबूत नीव रखी जाएं - केन्द्रीय मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि फलौदी नया जिला हैं जिले के चहुमुखी विकास के लिए हम सबकी जिम्मेदारी हैं कि हम एक मजबूत नीव रखे। सभी कार्यों को व्यवस्थित तरीके से करें ताकि आने वाले समय में हम विकास कार्यों के माध्यम से जिले को एक नई पहचान दिलाने में सफल रहे। समीक्षा बैठक में जिला प्रभारी श्री जशवंत सिंह बिश्नोई (अध्यक्ष राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड ), फलौदी विधायक पब्बाराम बिश्नोई, जिला कलक्टर एच.एल अटल, पुलिस अधीक्षक पूजा अवाना, अतिरिक्त जिला कलक्टर अजय,एसीईओ जोधपुर गणपत, एसीईओ ललित कुमार गर्ग, उपखंड अधिकारी सुनील पंवार सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

विधान सभा अध्यक्ष को मेवाड़ गौरव सम्मान से नवाजा गया

## स्व. श्री सुंदर सिंह भंडारी और गुलाबचंद कटारिया के बाद मेवाड़ गौरव सम्मान पाने वाले वासुदेव देवनानी तीसरे व्यक्ति, महान विचारक स्व. सुन्दर सिंह भंडारी राज्यपाल होते हुए भी अपने कपड़े स्वयं धोते थे- देवनानी

देवनानी ने कहा जागृत परिवार के लिए हर माता को बनना होगा जीजा माता

राजस्थान की राजनीति




**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को अजमेर में जन चेतना मंच ने स्वर्गीय सुंदर सिंह भंडारी स्मृति व्याख्यान माला और अभिनंदन समारोह में मेवाड़ गौरव सम्मान से सम्मानित किया। इस सम्मान को पाने वाले देवनानी तीसरे व्यक्ति हैं। इससे पहले यह सम्मान स्व. सुंदर सिंह भंडारी और गुलाबचंद कटारिया को मिल चुका है। देवनानी को यह सम्मान उनकी उल्लेखनीय समाज सेवा, राजस्थान विधानसभा में किए गए नवाचारों और वैचारिक क्रांति के लिए दिया गया है। स्व. सुन्दर सिंह भंडारी के 105 वें जन्मदिवस पर जन चेतना मंच द्वारा जागृत परिवार ही सशक्त राष्ट्र का आधार विषय पर आयोजित स्व. सुन्दर सिंह भंडारी स्मृति व्याख्यान माला और अभिनंदन समारोह में देवनानी ने कहा कि उनका मेवाड़ से पुराना व गहरा संबंध रहा है। इस सम्मान को पाकर वे गौरव की अनुभूति कर रहे हैं। मेवाड़ की धरा महाराणा प्रताप के शौर्य, पन्नाधाय के त्याग और मीराबाई की भक्ति के लिए जानी जाती है। शिक्षा मंत्री के दायित्व के दौरान उन्हें अकबर महान के पाठ को हटाकर प्रताप महान के पाठ को जोड़ने का गौरवशाली कार्य करने का मौका मिला था। देवनानी ने कहा कि स्व.भंडारी महान विचारक थे। उनका जीवन तपस्वी की भांति सादगीपूर्ण था। रायपाल होते हुए भी वे अपने कपड़े स्वयं धोते थे। ऐसे महान व्यक्तित्व के धनी स्वर्गीय भंडारी के जीवन के आदर्शों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। देवनानी ने कहा कि भारत सनातन संस्कृति की राह पर है। इसके मूल में भारतीय संस्कार हैं और संस्कार ही परिवार को जागरूक रखते हैं। जागरूक परिवार ही सशक्त भारत का आधार है। देवनानी ने कहा कि परिवार को जागृत रखने के लिए प्रत्येक बचे की माता को जीजा माता बनना होगा। देवनानी ने कहा कि हम पुनः संयुक्त परिवार की ओर लौट रहे हैं। यह सशक्त भारत और श्रेष्ठ भारत के लिए सुखद संकेत है। इस कार्य में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। राष्ट्र विकास के लिए हम सभी को इस क्षेत्र में भागीदारी निभाने का संकल्प लेना होगा। हमें आपस में कुटुंब प्रबोधन पर चर्चा करने की आवश्यकता है। आपसी संवाद ही युवाओं को अवसाद से मुक्ति दे सकता है ताकि युवा आत्महत्या की प्रवृत्ति से दूर हो सके। देवनानी ने कहा कि परिवार को समय दें। परिवार के सभी सदस्य मिलकर संध्या आरती और संध्या भोजन करें। युवाओं को वैज्ञानिक दृष्टि से संस्कारों को समझाएं। आध्यात्मिक और सांस्कृतिक भारत पर गर्व की अनुभूति करें। पुष्पक विमान, संजय, गणेश जी की सूंड प्राचीन भारत की महानता के परिचायक हैं। समारोह को अन्दानम गायत्री, कैलाश, जसवीर सिंह, आई एम सेतिया, हेमंत सिसोदिया ने भी संबोधित किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यमुना जल समझौते के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा बैठक ली

## राज्य सरकार शेखावाटी क्षेत्र को यमुना जल उपलब्ध कराने के लिए गंभीर, बेहतर कार्य योजना और आपसी समन्वय के साथ शीघ्र तैयार की जाए परियोजना की डीपीआर - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री का अधिकारियों को निर्देश, मिशन मोड़ पर करें काम - परियोजना की अनुमानित लागत 19 हजार करोड़ रुपये

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यमुना जल समझौता राजस्थान के शेखावाटी अंचल में पर्याप्त जल उपलब्धता की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। इसके धरातल पर उतरने के बाद इस क्षेत्र को पेयजल एवं सिंचाई हेतु पर्याप्त जल उपलब्ध होगा और जल की समस्या का स्थाई समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि इसके प्रथम चरण में राज्य के सीकर, चूरू, झुंझुनूं और अन्य क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति एवं अन्य आवश्यकता हेतु जल उपलब्ध हो सकेगा। इसके द्वितीय चरण में चूरू एवं झुंझुनूं जिले में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

शर्मा रविवार को पिलानी स्थित केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान में यमुना जल समझौते की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यमुना जल समझौते के तहत ताजे वाला हेड (हथिनीकुण्ड बैराज) से यमुनाजल लाने हेतु प्रवाह प्रणाली कार्य योजना की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार गम्भीर है एवं इसी क्रम में जल संसाधन विभाग द्वारा अलग से अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, यमुना जल का नवीन पद सृजित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना के क्रियान्वयन हेतु संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समझौते को मूर्त रूप देने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट मिशन मोड पर कार्य करते हुए शीघ्र तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि परियोजना के कार्यों में विश्व स्तरीय मापदंड अपनाए जाएं। इस हेतु उच्चस्थ तकनीकी संस्थाओं जैसे बिट्स पिलानी, आईआईटी का सहयोग भी लिया जाए। शर्मा ने कहा कि बेहतर कार्य योजना एवं आपसी सहयोग और समन्वय के साथ डीपीआर बनाने के कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि हरियाणा व राजस्थान की टास्क फोर्स की प्रथम संयुक्त बैठक गत 07 अप्रेल को यमुनानगर (हरियाणा) में आयोजित हुई जिसमें अलाईनमेंट के क्रम में वास्तविक धरातलीय परीक्षण किये जाने पर प्राथमिक चर्चा हुई तथा हथिनी कुंड बैराज से यमुना जल लाने के लिए प्रवाह प्रणाली के 4 उपलब्ध विकल्पों की समीक्षा की गई। इनमें से केंद्र जल आयोग द्वारा सुझाया गया 253 किलोमीटर लंबी 3 पाईपलाईन का विकल्प सर्वश्रेष्ठ माना गया। इसका धरातलीय परीक्षण हरियाणा के अधिकारियों के सहयोग से किया जाएगा। इस परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 19 हजार करोड़ रुपये होगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1994 में राजस्थान, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश एवं नई दिल्ली के बीच हुए यमुना जल समझौते के अन्तर्गत ताजेवाला हैड (हथिनीकुण्ड बैराज) पर मानसून अवधि (जुलाई से अक्टूबर) में 1917 क्यूसेक (वार्षिक 577 एम.सी.एम.) जल राजस्थान को आवंटित किया गया था। लेकिन आवंटित जल को राजस्थान लाने के लिए 30 वर्षों से गतिरोध बना हुआ था। सीकर, झुंझुनु एवं चुरू जिलों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने की दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अथक प्रयासों, केन्द्र सरकार के सकारात्मक सहयोग व केन्द्रीय जल आयोग के हस्तक्षेप के फलस्वरूप यह गतिरोध दूर हुआ एवं 17 फरवरी, 2024 को राजस्थान व हरियाणा के मुख्यमन्त्रियों एवं केन्द्रीय जलशक्ति मन्त्री की उपस्थिति में समझौता हुआ। बैठक में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा सहित अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, हरियाणा से मुख्य अभियंता यमुना, हथिनी कुंड बैराज के अधीक्षण अभियंता, हिसार के अधीक्षण अभियंता सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्य सचिव ने की बल्लेबाजी

## IAS ने की कमेंटरी: जयपुरिया स्टेडियम में हुआ सिविल सर्विस कप, IPS की टीम रही विजेता



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** सिविल सेवा दिवस के मौके पर जयपुरिया स्टेडियम में सिविल सर्विस कप 2025 का आयोजन किया गया। इस मौके पर राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने बैटिंग की, वहीं आईएएस अधिकारी नीरज के पवन ने मैच के दौरान कमेंटरी की। इस दौरान रस्साकशी, चेस, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, बैडमिंटन सहित अन्य प्रतियोगिताएं भी हुई।

दरअसल, राज्य की प्रमुख सिविल सेवाओं के बीच आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया था। यह मुकाबला राजस्थान प्रशासनिक सेवा एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा की संयुक्त टीम और राजस्थान पुलिस सेवा एवं भारतीय पुलिस सेवा की संयुक्त टीम के बीच हुआ।

### दोनों टीमों के बीच हुआ रोमांचक मुकाबला

मैच के दौरान दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। आईएएस और आरएएस की संयुक्त टीम माही ने पहले बल्लेबाजी करते 172 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए आईपीएस और आरपीएस की टीम चंबल ने छह विकेट खोकर 18.6 ओवर में लक्ष्य को हासिल किया। मैन आफ द मैच हिमांशु जांगिड़ ने 61 रन बनाए।

आयोजन का मुख्य उद्देश्य सिविल सेवकों के बीच आपसी तालमेल को मजबूत करना और कार्यस्थल से बाहर भी आपसी संवाद को प्रोत्साहित करना रखा गया था। मुख्य अतिथि मुख्य सचिव सुधांश पंत ने मैच के अंत में विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की और सभी खिलाड़ियों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिए।

### यह रहे विजेता

रस्साकशी प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में आईएएस एवं आरएएस संयुक्त टीम ने आईपीएस एवं आरपीएस संयुक्त टीम पर विजय प्राप्त की। रस्साकशी प्रतियोगिता के महिला वर्ग में नीतू राजेश्वर(आरएएस) प्रथम स्थान, अनुराधा गोगिया (आरएएस) द्वितीय स्थान, सीमा मीना (आरएएस) तृतीय स्थान पर रही। शतरंज में पुरुष वर्ग में हेमंत कलाल (आईपीएस )प्रथम स्थान, दिनेश कुमार जांगिड़ (आरएएस) द्वितीय स्थान, नकाटे शिवप्रसाद मदान(आईएएस) तृतीय स्थान पर रहे। शतरंज में महिला वर्ग में अनुराधा गोगिया (आरएएस) प्रथम स्थान पर रही। कार्यक्रम के मुख्य आयोजनकर्ता नीरज के. पवन, शासन सचिव युवा मामले एवं खेल विभाग एवं मालती चौहान, वरिष्ठ खेल अधिकारी, कार्मिक विभाग रही।

हीरावाला इंडस्ट्रियल एरिया एसोसिएशन की साधारण सभा हुई

## सदस्यों को सम्मानित किया गया; काम की समीक्षा और भविष्य की योजना पर विचार विमर्श किए

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** जयपुर में कानोता हीरावाला इंडस्ट्रियल एरिया एसोसिएशन की ओर से वार्षिक साधारण एवं स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष अवनीश सिंघल की ओर से की गई। कार्यक्रम में एसोसिएशन के गणमान्य सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस दौरान लाइव म्यूजिक का आनंद लेने के साथ स्वादिष्ट भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य आपसी मेलजोल बढ़ाना, समन्वय व संगठन को सशक्त बनाना है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अवनीश सिंघल ने बताया कि इस समारोह में वार्षिक कार्यों की समीक्षा, भविष्य की योजना पर विचार विमर्श और संगठन की मजबूती के लिए सुझाव लिए गए। महासचिव रिंकू अग्रवाल ने बताया कि हीरावाला इंडस्ट्रियल एरिया एसोसिएशन जयपुर के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में से एक है, जो समय-समय पर ऐसे आयोजनों के माध्यम से सदस्यों को एकजुट रखने का कार्य करता है। एसोसिएशन की ओर से समय समय पर कई तरह के जन सरोकार व सार्वजनिक हितों को लेकर जनहित के कार्य भी किए गए हैं। रक्तदान, पौधरोपण जैसे अन्य कार्य भी किए जाते है। इस आयोजन को लेकर सभी पूर्व अध्यक्ष संजय ओसवाल, कोषाध्यक्ष मनीष बंशल, सहसचिव अभिनव गर्ग, उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, दिनेश पारवानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भवानी शंकर नारानिया सहित सभी सदस्यों में उत्साह का माहौल रहा और बड़े उत्साह से इस स्नेह मिलन समारोह में भाग लिया।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक एवं संपादक रमाकांत गोस्वामी द्वारा महारानी प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर छपवाकर/मुद्रित कर, पीपलेश्वर मंदिर के पीछे, नला मौहल्ला,दौसा (राजस्थान)-303303 से प्रकाशित किया। संपादक: रमाकान्त गोस्वामी, कार्यकारी संपादक भूपेंद्र कुमार शर्मा, स्थानीय संपादक: संजय लाटा (अवैतनिक) आरएनआई नं. RAJHIN/2012/43137, ब्रांच ऑफिस: 18k3, पंकज सिंघवी मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर-302002, मो. नं. 7610866001, हैल्प लाईन नं.: 8946840063, ईमेल- tniawaaz.news@gmail.com, Group of Sites- www.hpnews.in, www.right2action.in, www.jaipurtak.com, www.dharmjagran.com, www.hindustanpatrika.com, www.freedomathought.com, www.tniawaaz.in (* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तदायी), किसी भी वाद-विवाद से निपटने के लिए न्यायालय जयपुर मान्य होगा।